
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः59 , रविवार, 12 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




सिसवा पूर्वी पंचायत में मेधावियों का भव्य सम्मान, मैट्रिक-इंटर के सफल छात्र-छात्राओं को मिला... 03


मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह, 60 विद्यार्थियों को मिला सम्मान 04

पूजा हेगड़े के बाद अब मृणाल ठाकुर के साथ रोमांटिक अंदाज में दिखे... 07

## बंगाल में लुटेरों का हिसाब होगा

# ...और घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा

- पीएम मोदी बोले-सत्ता में आते ही लेफ्ट की कार्बन कॉपी बन गई टीएमसी
- मुर्शिदाबाद में प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल सरकार और ममता बनर्जी को घेरा

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को टीएमसी सरकार पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि बंगाल में वह मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेगा।

- **बंगाल में अब डर या भय का नहीं, अवसर का युग आएगा–** राज्य में घुसपैठ व डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव पर चिंता जताते हुए मोदी ने कहा कि हम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास जताते हुए पीएम ने लोगों को भरोसा दिया कि बंगाल में अब डर या भय का नहीं, अवसर का युग आएगा। मोदी ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि बंगाल में सभी के लिए एक कानून- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा। मोदी ने कहा कि बंगाल अब भाजपा के साथ चलने का फैसला कर चुका है। भाजपा ने जो संकल्प लिया है, वो पूरा करेगी।



**टीएमसी का अहंकार भी चूर-चूर होगा–** आजादी की लड़ाई से लेकर आजादी के बाद तक, जिस-जिसने बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चूर-चूर हो गया। पहले अंग्रेजों का अहंकार टूटा, फिर कांग्रेस का अहंकार टूटा, फिर लेफ्ट का अहंकार टूटा, अब टीएमसी का अहंकार भी चूर-चूर होगा। मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता ने लेफ्ट को निकाला। बड़ी आशा और उमंग के साथ मां, माटी, मानुष की बातें सुनकर टीएमसी को मौका दिया, लेकिन सत्ता में आते ही तृणमूल, लेफ्ट की कार्बन कापी बन गई।

### गिन-गिनकर किया जाएगा हिसाब

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद यहां सिंडिकेट नहीं चलेगा। जितने भी भ्रटाचारी हैं, जिन्होंने राजनीतिक दंगा कराया है, हत्याएं हुई हैं उन सबका गिन गिन कर हिसाब होगा और चुन चुन कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के राज्य कर्मियों को सातवां वेतनमान देने का भी वादा किया। बर्धमान की इस रैली में मोदी ने न केवल टीएमसी के 15 साल के 'पाप' का हिसाब मांगा, उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडों पर भी कारवाही होगी।

### पीएम मोदी ने किया टीएमसी पर हमला

वहीं, पूर्वी बर्धमान में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने टीएमसी की सरकार को निर्मम करार दिया और लोगों से इसे उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बर्धमान बंगाल का धान का कटोरा हुआ करता था, टीएमसी के कुशासन और माफिया राज के कारण आज अपनी चमक खो चुका है। उन्होंने कहा कि बंगाल के किसानों के खाते में 800 करोड़ दिए हैं। यदि कोई फर्जी आधार कार्ड बनाता है तो वह किसानों का हक मार लेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल भाजपा ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह शानदार है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वंदे भारत में पत्थरबाजी करने वालों की अब खैर नहीं!

- रेलवे स्टेशन पर लगेंगी फोटो, यूपी में सख्त ऐक्शन की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के में वंदे भारत ट्रेन पर अब पत्थरबाजी करने वालों की खैर नहीं होगी। उनकी फोटो रेलवे स्टेशनों पर चस्पा की जाएगी। यह कदम पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। उत्तर प्रदेश में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी की 2023 से अब तक पांच घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पकड़े आरोपियों ने जो वजहें



बताई हैं, वो बहुत ही चौंका देने वाली हैं। डोमिनगढ़ के पास पत्थर चलाने वाले आरोपी ने बताया कि वह देखना चाहता था कि पत्थर चलाने के बाद वंदे भारत का शीशा कैसा दिखेगा। तरंग क्रासिंग के पास पत्थरबाजी करने वाले ने कहा कि वह एक साइड से दूसरी साइड नहीं जा पा रहा था, इसलिए पत्थर चलाया था। बता दें कि ट्रेन के इंजनों को कवच सिस्टम से लैस करने का काम शुरू हो गया है। गोरखपुर लोको शेड में दो इंजन कवच लगा दिए गए हैं। यह इंजन ट्रायल रन में पास हो गया है। पहले फेज में एनईआर ने 213 उपकरण आवंटित किए गए हैं। 213 कवच में से गोरखपुर लोको शेड को 60, गोंडा लोको शेड को 95 और सैदपुर लोको शेड को 58 उपकरण दिए गए हैं।

### वाह! मिडिल ईस्ट संकट के बीच एक और खुशखबरी

- 312 और भारतीय ईरान से निकले सुरक्षित, जयशंकर ने बताया इस दोस्त ने की मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका के बीच भले ही अभी दो हफ्ते का युद्धविराम है, बावजूद इसके मिडिल ईस्ट में संकट टला नहीं है। तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। ऐसे में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अहम अपडेट दिया है। उन्होंने शनिवार को बताया कि 312 और भारतीय मछुआरों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया है। इन भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते सकुशल भारत लाया गया। उन्होंने इसे मुमकिन बनाने के लिए आर्मेनिया सरकार को



धन्यवाद भी दिया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, 312 और भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते ईरान से सुरक्षित भारत लाया गया। इसे मुमकिन बनाने के लिए आर्मेनिया सरकार और मेरे दोस्त अरारत मिर्जोयान का शुक्रिया। इससे पहले 5 अप्रैल को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान में फंसे कुल 345 भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित चेन्नई लाया गया था। संघर्ष वाले इलाके में सुरक्षा पक्का की जा रही है।

# होर्मुज स्ट्रेट पर नया संकट, फंस गया ईरान!

- अपनी ही बिछाई समुद्री माइंस नहीं खोज पा रहा शियादेश
- जहाजों के लिए बढ़ गया खतरा

**तेहरान (एजेंसी)।** पहले से ही तनावपूर्ण जियोपॉलिटिकल माहौल में एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। खबर है कि अब ईरान खुद भी होर्मुज स्ट्रेट के अहम जलमार्ग को पूरी तरह से खोल नहीं पा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि ईरान इस अहम शिपिंग कॉरिडोर में लगाई गई समुद्री माइंस का पता नहीं लगा रहा है और न उसके पास उन्हें तेजी से हटाने की क्षमता है। ईरानी सेना ने हाल की लड़ाई के दौरान होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री माइंस लगा दी थी। इसके चलते समुद्री सुरक्षा और तेल सप्लाई को लेकर गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। इस घटनाक्रम से



पाकिस्तान में वॉशिंगनट और तेहरान के बीच होने वाली बातचीत पेचीदा हो सकती है। उम्मीद है कि इस्लामाबाद में यह मुद्दा उठेगा, जहां दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए पहुंचे हैं। इस बातचीत में अमेरिका की तरफ से जेडी वेंस और ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतत्व मोहम्मद बाघेर गालिबाफ कर रहे हैं। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ने वाला होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे जरूरी तेल ट्रांजिट रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया भर के तेल शिपमेंट निकलते हैं।

### आईआरजीसी ने जहाजों को दी है चेतावनी

रिपोर्ट में कहा गया है, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने चेतावनी जारी की थी कि स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाज समुद्री माइन से टकरा सकते हैं। हालांकि, इसने टोल देने वाले जहाजों के आने-जाने के लिए दूसरा रास्ता खुला छोड़ दिया है। चिंताओं को और बढ़ाते हुए, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने जहाजों को संभावित खतरे की चेतावनी देते हुए एक पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले सभी जहाजों को यह बताया जाता है कि समुद्री सुरक्षा के नियमों का पालन जरूरी है।

# शुक्रिया दोस्त भारत! ईरान ने खुलेआम की तारीफ

- पाकिस्तान में वार्ता के बीच बोला-इस्लामिक रिपब्लिक एहसानमंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रही वार्ता के बीच भारत ने चिकित्सा सामग्री की दूसरी खेप इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को भेज दी है। इस बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने भारत का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक आपका एहसानमंद रहेगा। मोहम्मद फथाली ने भारत की



जनता का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने ईरान के मुश्किल समय में जिस तरह से दयालुता दिखाई है, उसके लिए इस्लामिक रिपब्लिक उसका एहसानमंद रहेगा। उन्होंने भारत सरकार का भी शुक्रिया अदा किया और कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा सभी जरूरत सामग्री को ईरान भेजने पर धन्यवाद कहता हूं।

# स्लीपर मॉड्यूल बनाने की तैयारी में थे आतंकी

- पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारों पर कर रहे थे युवाओं की भर्ती
- बिजनौर में 2 आतंकी गिरफ्तार, यूपी एटीएस को मिली बड़ा सफलता

**बिजनौर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में आतंकी गतिविधियों में शामिल उबैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, विदेश में बैठे मेरठ निवासी आकिब समेत बिजनौर के मैजुल और आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। एडीजी कानून व्यवस्था



अमिताभ यश के अनुसार, पकड़े गए आरोपी सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भर्ती करने और संगठित नेटवर्क बनाने का काम कर रहे थे। मामले में गुजरात कनेक्शन सामने आया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, उबैद नेपाल भागकर वहां एक बड़ा आतंकी नेटवर्क खड़ा करने की फिराक था। उबैद को सऊदी अरब में बैठे आजाद ने नेपाल भागने की सलाह दी थी, जिससे वह पुलिस से बच जाए।

# इकॉनोमी में कानून की भूमिका है बहुत अहम

सीजेआई सूर्यकांत बोले-भारत केवल पूंजी या पॉलिसी के दम पर 10 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी नहीं बन सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है।



### तकनीक का उद्देश्य सिर्फ प्रक्रिया को आसान और तेज बनाना

सीजेआई ने यह भी कहा कि जजों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण जरूरी है, ताकि वे आर्थिक व्यवस्था की बारीकियों को समझ सकें। इसके लिए डोमेन एक्सपर्ट्स के साथ बातचीत जैसे कदम उठाने की जरूरत है। तकनीक की भूमिका पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि इसे कानूनी सिस्टम का हिस्सा माना जाना चाहिए, न कि सिर्फ एक अतिरिक्त सुविधा। डिजिटल केस मैनेजमेंट, एआई आधारित रिसर्च और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रियाएं न्याय की गति और लागत को सीधे प्रभावित करती हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि तकनीक के बावजूद इंसानी निर्णय ही न्याय का केंद्र रहेगा।

### कानून विवादों के लिए तीन अहम जरूरतें

कानून में स्थिरता ताकि अलग-अलग हालात में भी एक जैसे सिद्धांत लागू हों। विवाद होने से पहले ही उन्हें रोकने की संस्कृति, जिसमें 'गुड फेथ' यानी ईमानदारी से अनुबंध निभाने की भावना हो। उन्होंने कहा कि अगर मध्यस्थता को बढ़ावा दिया जाए और विवादों को पहले ही सुलझाने की संस्कृति बने, तो इससे भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धा को बहुत फायदा होगा। इससे मुकदमे आखिरी विकल्प बनेंगे, न कि पहला कदम। स्पेशलाइजेनश (विशेषज्ञता) बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के व्यापारिक विवाद इतने जटिल हो गए हैं कि सामान्य कानूनी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं है। इंफ्रास्ट्रक्चर, फाइनेंस और डिजिटल सेक्टर जैसे मामलों के लिए खास ज्ञान जरूरी है।

# 'खवातीन' आतंकी विंग का खतरनाक प्लान एक्सपोज

- आईएसआई से लिंक और मिले जाकिर नाइक के वीडियो

### हैदराबाद की महिला इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार, अब होगी पूछताछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल में कथित भूमिका के लिए हैदराबाद की रहने वाले एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया है। वह एक सिंगल मदर है और उसके इंस्टाग्राम पर 38,000 फॉलोअर्स हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि वह कई राज्यों में युवाओं को ऑनलाइन कट्टरपंथी बनाने और उनकी भर्ती करने में शामिल थी। 25 मार्च तो सईदा को गिरफ्तार



करने के बाद, विजयवाड़ा पुलिस के पता चला कि कथित तौर पर 'खवातीन' नाम के एक आतंकी संगठन की एक अलग महिला विंग बनाने और उसे उसकी लीडर बनाने की योजना थी।

- **लादेन और जारिक नाइक के कट्टरपंथी वीडियो मिले–** एजेंसी के अनुसार, सईदा उन ऑनलाइन ग्रुप्स की एक ऐक्टिव मेंबर थी जो अल-कायदा के आतंकी ओसामा बिन लादेन के वीडियो और जाकिर नाइक और इसरार अहमद जैसे कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशकों के भाषणों को बढ़ावा देते थे। इसमें यह भी बताया गया है कि ये ऑनलाइन ग्रुप और जाकिर से जुड़ी सामग्री और वीडियो फैलाते थे। एक खुफिया अधिकारी ने समाचार एजेंसीको बताया कि सईदा वहीं काम कर रही थी।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

#### हथियारों के साथ 1800 किलो पोस्ता दाना बरामद; दो गिरफ्तार

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चुराचांदपुर जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियारों के साथ 36 बोरे पोस्ता दाना (करीब 1800 किलो) और दो वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, बरामद हथियारों में एक माडिफाइड कार्बाइन और एक नौ एमएम पिस्टल शामिल है। इसी के साथ चंदेल जिले के जंगल में चलाए गए एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की। इसमें एक एके-47 राइफल, चार देसी बंदूकें, कई मैगजीन, सात मोर्टार, करीब चार किलो आइईडी बनाने का सामान और पांच वाकी-टाकी सेट शामिल हैं।

# इस्तीफे से पहले ही सीएम हाउस खाली कर रहे नीतिश कुमार

- 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा सामान, लालू के पड़ोसी बनेंगे



**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इस्तीफे से पहले सीएम हाउस खाली कर रहे हैं। 1 अणे मार्ग से सामान 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा है। मुख्यमंत्री आवास से ट्रैक्टर ट्रॉली में सामान बाहर ले जाया जा रहा है। नीतिश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। सूत्रों की मानें तो नीतिश 14 अप्रैल को सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन सकती है। सीएम पद से हटने के बाद नीतिश कुमार लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। वह दिल्ली तो जा रहे हैं, लेकिन बिहार में अपना ठिकाना नहीं छोड़ेंगे। 7 सर्कुलर रोड आवास का इस्तेमाल अभी नीतिश कुमार ही कर रहे हैं। इसे सीएम ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। नीतिश ने अपनी देखरेख में इस बंगले को बनवाया था। ये भूकंप के झटके झेल सकता है। लॉन में कोलकाता से मंगाकर घास लगाई गई है।

**नीतिश कुमार को पसंद है 7 सर्कुलर रोड बंगला–** नीतिश कुमार को 7 सर्कुलर रोड बंगला पसंद है। 2014 लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने सीएम पद छोड़ दिया था। जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था तब यहीं रहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर मीटिंग, सुभाष निराला समारोह के अध्यक्ष

**हाजीपुर**। वैशाली में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और विभिन्न आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष कुमार निराला को समारोह का अध्यक्ष चुना गया। जयंती समारोह का आयोजन हाजीपुर के सुभाष चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इसमें गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। वक्ताओं ने बैठक में भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के सामाजिक समानता, न्याय और संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती को सम्मानजनक ढंग से मनाने के लिए सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में माल्यार्पण, संगोष्ठी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जागरूकता अभियान जैसे आयोजन शामिल होंगे। इसका उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में समानता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करना है। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय कीं और इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक में राम पुकार चौधरी, परमेश्वर पासवान, भीम शंकर चौधरी, नरेश पासवान, राजेश्वर चौधरी, आकाश जायसवाल, राजीव यादव, सुरेंद्र बैठा, विशेश्वर पासवान, संजय पासवान, राजू कुमार और अरुण कुमार पासवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


### वैशाली में 1000 लीटर अवैध शराब जब्त, उत्पाद विभाग की बिदुपुर में छापेमारी, बोलेरो वाहन भी पकड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में पूर्ण शराबबंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में, उत्पाद विभाग ने बिदुपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन से लगभग 1000 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) के निर्देश पर की गई। उत्पाद विभाग की टीम ने यह छापेमारी 10 अप्रैल 2026 को बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहिमापुर में गुप्त सूचना के आधार पर की। मौके से बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के प्रति "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई जा रही है। अवैध शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने बताया कि अवैध शराब कानून का उल्लंघन होने के साथ-साथ समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन से संबंधित कोई जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। इससे समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। श्रीमती सिंह ने नशामुक्त समाज के निर्माण में आमजन की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिकों के सहयोग से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें कानून के तहत सख्त सजा दिलाई जाएगी।



### वैशाली में गैस सिलेंडर फटने से 8 घर जले, देसरी खड़गपुर बांध के पास भीषण आग, लाखों का नुकसान

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में देसरी खड़गपुर बांध के समीप एक गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब आठ घर आग की चपेट में आ गए और उनका सारा सामान, अनाज, जेवरात, बर्तन तथा फर्नीचर जलकर राख हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह हादसा देसरी खड़गपुर बांध के पास श्री भगवान राय के घर में हुआ। महिलाएं खाना बना रही थीं, तभी गैस रिसाव के कारण आग लग गई। एक सिलेंडर फटने के बाद आग तेजी से फैली, जिससे आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ गए। कुल मिलाकर चार गैस सिलेंडर एक के बाद एक करके फट गए। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और अग्निशमन दल को सूचित किया गया। आग इतनी तेजी से फैली थी कि इसे बुझाने के लिए दो बड़े और एक छोटा दमकल वाहन मंगाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में लगभग 20 से 25 क्विंटल गेहूं, 12 क्विंटल सरसों और एक मोटरसाइकिल जलकर राख हो गई। देवबली राय की बेटी की शादी के लिए रखे गए फर्नीचर, बर्तन सहित सभी सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। इस भीषण अग्निकांड में अनुमानित 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। जिन घरों में आग लगी है, उनमें प्रताप राय, सिताब राय, शंभू राय और देवबली राय के परिवार शामिल हैं।



### मुजफ्फरपुर में 12 साल की बच्ची से दरिंदगी

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में 12 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। वारदात के बाद बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है, उसे SKMCH में भर्ती कराया गया है। पिता ने कहा, मेरी बेटी की हालत बहुत खराब है, वो मरने की स्थिति में हैं, मुझे इंसाफ चाहिए। मामला मिठनपुरा थाना क्षेत्र का है। जहां बच्ची की मां की पहचान की दो महिलाएं उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गईं। तीसरी महिला के साथ मिलकर उसे किराए के मकान में पहुंचाया, जहां वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन पड़ोसी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से सबूत जमा किए हैं। FSL की टीम ने भी सैंपल जमा किए हैं। मुख्य आरोपी (36) फिलहाल फरार है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तीनों महिलाएं पीड़ित बच्ची के परिवार से परिचित है। आरोप है कि तीनों महिलाएं बच्ची को बहला-फुसलाकर एक किराए के मकान में ले गईं, जहां पहले से मौजूद एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने तीनों पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया है।

जब बच्ची की हालत बिगड़ने लगी, तो आरोपी महिलाओं ने उसे कुछ दवाइयां देकर चुप कराने का प्रयास किया। हालांकि, बच्ची की स्थिति बिगड़ने पर सभी मौके से फरार हो गईं। जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए SKMCH रेफर किया गया है। बच्ची के पिता ने बताया, 'तीनों महिलाएं बच्ची को फुसलाकर साथ ले गई थीं। उसके साथ रेप करवाया। मैं भूंजा बेच रहा था। लौटा जो पता चला बच्ची के साथ ऐसा हुआ है। इसके बाद मैं उन महिलाओं के पास गया। बच्ची की स्थिति बहुत खराब है। मरने की की हालत में SKMCH में भर्ती है।' पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि वारदात में शामिल तीन महिलाएं देह व्यापार से जुड़ी थीं। वे इस काम में खुद जुड़ी थीं या किसी और से कराती थीं, ये जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार की गई तीनों महिलाओं में से कोमल के घर अक्सर नए-नए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। कोमल ने ये मकान कुछ महीने पहले ही किराए पर लिया था। बच्ची का इलाज कर रहे डॉक्टर का कहना है कि पीड़िता की हालत ठीक नहीं है। वो बातचीत करने की स्थिति में नहीं है। वहीं, पीड़िता की मां भी फिलहाल घटना के बारे में कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। सिटी डीएसपी सुरेश कुमार की ओर से जानकारी दी गई है कि गिरफ्तार की गई तीनों आरोपी महिलाएं और पीड़िता की मां पहले से परिचित हैं। उन्होंने बताया कि तीनों महिलाओं की पहचान कोमल, सुधा और गुड़िया के रूप में हुई है। बच्ची से जिस मकान में रेप की वारदात को अंजाम दिया गया, वो मकान कोमल का है।

# खुसरूपुर में पार्सल वैन ने स्कूल वैन को मारी टक्कर, चार लोग घायल

एजेंसी, पटना

पटना के खुसरूपुर प्रखंड में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। कटौना-हरदास बीघा फोरलेन पर तेज रफ्तार पार्सल वैन ने स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घायलों की पहचान चालक नीतीश कुमार (26), व्यादार सिंह (20), अंकित कुमार (17) और मुन्ना कुमार (28, निवासी डुमरी) के रूप में हुई है।

**गंभीर हालत में पटना रेफर, ड्राइवर धराया**



**बच्चों को लेने जा रही थी स्कूल वैन:** जानकारी के मुताबिक, अरोड़ा इंटरनेशनल स्कूल की मैजिक वैन (BR 01 PF 0332) पास के गांव बच्चों को लेने जा रही थी। उस समय वैन में बच्चे नहीं थे, लेकिन चार स्थानीय लोग सवार थे। इसी दौरान बख्तियारपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पार्सल वैन (BR 01 GN 7743) ने स्कूल वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

**टक्कर के बाद चालक भागने की कोशिश:** हादसे के बाद पार्सल वैन का चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों की सक्रियता से उसे पकड़ लिया गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों और खुसरूपुर थाना पुलिस ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सभी घायलों को गंभीर हालत में पटना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कुछ देर के लिए जाम, फिर सामान्य हुआ यातायात:** हादसे के कारण फोरलेन पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंची खुसरूपुर थाना पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर ट्रैफिक सामान्य कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पार्सल वैन (BR 01 GN 7743) को जब्त कर लिया है।

**पुलिस ने वैन जब्त कर शुरू की जांच:** खुसरूपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। दुर्घटनाग्रस्त पार्सल वैन को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## स्लैब के नीचे फंसा मजदूर, स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला

एजेंसी, पटना

पटना मेट्रो में निर्माण कार्य के बीच एक बड़ा हादसा हुआ है। शुक्रवार देर शाम भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर स्लैब के नीचे फंस गया। यहां क्रेन के जरिए भारी स्लैब को सेट करने का काम किया जा रहा था। उसी दौरान नीचे काम कर रहा एक मजदूर, अचानक मशीनरी के बीच फंस गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मजदूर को बाहर निकाला गया। घायल मजदूर की पहचान सीवान जिले के निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई है, जो मेट्रो परियोजना में कार्यरत है।

मेट्रो की जनसंपर्क पदाधिकारी अर्चना खुशी ने कहा कि, मजदूर क्रेन और स्लैब के बीच में फंस गए थे। राहत कार्य के बाद उन्हें बाहर निकाला गया है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उनकी MRI कराई गई है और अभी



**♦ पटना के भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर हादसा, हालत स्थिर, सहकर्मियों पर मदद के बजाए वीडियो बनाने के आरोप**

वह खतरे से बाहर है। वह अभी अंडर ऑब्जर्वेशन है और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही अस्पताल से छुट्टी मिलेगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुरुआती कुछ मिनटों तक स्थिति बेहद गंभीर बनी रही, क्योंकि मजदूर पूरी तरह मलबे और स्लैब के नीचे फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद मजदूर को बाहर निकाला गया।

## बिहार के 630 खिलाड़ियों को मिलेगी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप

एजेंसी, पटना

बिहार के 630 खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप मिलेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने इसकी जानकारी दी है। खेल छात्रवृत्ति नीति के तहत उत्कर्ष, सक्षम और प्रेरणा योजना के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसमें उत्कर्ष स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 19 खिलाड़ी, सक्षम स्कॉलरशिप के तहत 178 खिलाड़ी और प्रेरणा स्कॉलरशिप के तहत 433 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें से 269 खिलाड़ियों का चयन मशाल कार्यक्रम के तहत किया गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि, 'इस साल बिहार राज्य खेल छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 630 खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है। यह 2026-27 के तहत चयनित खिलाड़ी हैं, जिन्हें निर्धारित तारीख पर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कंपलेक्स बुलाया जाएगा। फिर उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सर्टिफिकेट



दिया जाएगा। इस स्कॉलरशिप के माध्यम से वह अपना ट्रेनिंग इक्विपमेंट, किट, खाने पीने से लेकर कोचिंग फीस भर सकते हैं।'

खिलाड़ियों को प्रेरणा योजना के अंतर्गत 3 लाख तक की स्कॉलरशिप मिलेगी। वहीं, सक्षम योजना के अंतर्गत 5 लाख और उड़ान योजना के अंतर्गत 20 लाख तक का स्कॉलरशिप खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इन योजनाओं के लिए खिलाड़ियों से जनवरी में आवेदन मांगा गया था। टीम की स्क्रूटनी के बाद खिलाड़ियों का नाम स्कॉलरशिप के लिए फाइनल किया गया है। पिछले साल सक्षम और उड़ान स्कॉलरशिप के तहत बिहार सरकार की ओर से 236 बच्चों को स्कॉलरशिप दिया गया था।

# पटना छात्रा सुसाइड केस, बॉयफ्रेंड पर हत्या का आरोप, लड़का बोला-आत्महत्या की है

एजेंसी, पटना

पटना के श्री कृष्णापुरी इलाके के वीर कुंवर सिंह पथ वाली गली में एक 26 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया था। छात्रा भागलपुर की रहने वाली थी। पटना में रहकर जनरल कंपटीशन की तैयारी कर रही थी। घटना की सूचना पुलिस को मृतका के 25 साल के बॉयफ्रेंड पीयूष ने दी थी। पीयूष और मृतका दोनों पिछले 1 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। पीयूष प्राइवेट नौकरी कर रहा है और मृतका कंपटीशन की तैयारी करती थी। दोनों भागलपुर के रहने वाले हैं।

**पहले शिकायत देने से इंकार, अब दर्ज कराया:** मृतिका के पिता ने घटना के बाद शिकायत करने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब पुलिस में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने अपनी बेटी की हत्या की आशंका जताई है, जिसका आरोप बॉयफ्रेंड पीयूष पर लगाया है। मृतिका के पिता पूर्व मुखिया भी रह चुके हैं। थानेदार जितेंद्र राणा ने बताया कि, पिता की ओर से अलग-अलग जगह पर आवेदन दिया गया है। फिलहाल, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। हालांकि, उसमें चोट वगैरह के निशान नहीं पाए गए हैं। जांच की जा रही है, उसके आधार पर आगे की





कार्रवाई होगी।'

**उस रात क्या हुआ था, ब्वॉयफ्रेड की जुबानी:** पुलिस के मुताबिक, पीयूष ने पूछताछ में बताया था कि दोनों की मुलाकात पढ़ने के दौरान हुई थी। दोनों परिवारों के बीच शादी की चर्चा भी होने वाली थी। घटना से पहले दोनों के परिवार एक दूसरे से मिलकर सब कुछ फाइनल करने वाले थे। पीयूष ने पुलिस को बताया है कि, रात 9:00 बजे ड्यूटी करके फ्लैट पर आया था। दोनों साथ-साथ खाना खाए। इसके बाद लगभग 11:00 बजे अपने-अपने कमरे में चले गए। कमरे में जाने के बाद चैट करने लगे। इसी बीच युवती अपने कमरे में जोर-जोर से म्यूजिक बजाने लगी।

**❑ लिव-इन रिलेशनशिप में रहते थे दोनों, 20 दिन बाद परिजनों पहुंचे थाना**

**पहले हॉट टॉक हुआ, फिर सुसाइड किया:** पीयूष के मुताबिक, पीयूष ने इस बात को लेकर चैट के जरिए समझाया भी। इस बात को लेकर हॉट-टॉक हुआ। इसके बाद पीयूष युवती के कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसने तोड़ना शुरू कर दिया। दरवाजा टूटने के बाद उसने देखा कि युवती बेडशीट का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई है। पीयूष ने पुलिस को बताया कि उसने अपने दोस्तों की मदद से उसे फंदे से उतार कर अस्पताल भागा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**शिकायत दर्ज नहीं कराने पर ब्वॉफ्रेड को छोड़ा:** पुलिस ने घटना के बाद पीयूष को हिरासत में ले लिया था। परिजनों के आवेदन का इंतजार हो रहा था। पुलिस ने कई बार आवेदन के लिए भी पूछा, लेकिन उस वक्त परिजनों ने साफ-साफ आवेदन देने से मना कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। घटना के करीब 20 दिन बार मृतका के परिजनों ने थाने में शिकायत दी है और ब्वॉयफ्रेंड पर हत्या का आरोप लगाया है।

# आईजीआईएमएस में एमबीबीएस/पीजी परीक्षा में पेपर लीक का आरोप, 28 दिन बाद जांच कमेटी गठित

एजेंसी, पटना

पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। एमबीबीएस और पीजी अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक और उत्तर पुस्तिकाओं में छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के बीच संस्थान के निदेशक डॉ. बिंदे का अचानक छुट्टी पर चले जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

**बेनाम ई-मेल से खुला मामला:** पूरा विवाद 11 मार्च 2026 को भेजे गए एक अनाम ई-मेल से शुरू हुआ। 13 मार्च को ही परीक्षा में धांधली और पेपर लीक को लेकर शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं। इस ई-मेल में संस्थान के निदेशक को संबोधित करते हुए डीन (परीक्षा) कार्यालय के एक शिक्षकेत्तर कर्मी पर गंभीर आरोप





लगाए गए। ईमेल भेजने वाले ने दावा किया गया कि संबंधित कर्मी पैसे लेकर कुछ चुनिंदा छात्रों को परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र उपलब्ध करा देता है। इतना ही नहीं, उत्तर पुस्तिकाओं में भी कथित तौर पर छेड़छाड़ कर अंक बढ़ाने का खेल चलता है।ई-मेल के सामने आते ही संस्थान में हलचल मच गई। छात्रों के बीच यह चर्चा तेजी से फैलने लगी कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष नहीं रही। कई छात्रों ने अंदर ही अंदर इस बात को लेकर असंतोष जताया, लेकिन खुलकर सामने आने से डरते रहे।

**♦ आंसर शीट में छेड़छाड़ की होगी जांच**

**बैठकें हुईं, लेकिन कार्रवाई नहीं:** मामले की गंभीरता को देखते हुए 17 मार्च को निदेशक कक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई। उम्मीद थी कि आरोपों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हालांकि, बैठक के बाद कोई ठोस कदम सामने नहीं आया। यही कारण है कि विवाद और गहरा गया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब तत्कालीन डीन (परीक्षा) प्रकाश दुबे ने विरोधस्वरूप अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे को कई लोग इस मामले से जोड़कर देख रहे हैं। इसके बाद 2 अप्रैल को डॉ. नीरू गोयल को नई जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन इससे भी छात्रों की चिंताएं कम नहीं हुईं।

**7 अप्रैल की बैठक और बढ़े सवाल:** 7 अप्रैल 2026 को एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, लेकिन इस बैठक में खुद निदेशक प्रो.(डॉ.) बिंदे की अनुपस्थिति ने कई नए सवाल खड़े कर दिए। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि जब मामला इतना गंभीर है, तो शीर्ष स्तर पर जवाबदेही क्यों नहीं दिखाई दे रही। इस पूरे घटनाक्रम ने संस्थान के प्रशासनिक रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। क्या वाकई मामले को दबाने की कोशिश हो रही है? या फिर जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है? ऐसे कई सवाल अब खुलकर सामने आने लगे हैं।


**चार सदस्यीय जांच समिति का गठन:** आरोपों के तूल पकड़ने पर और मामला सामने आने के करीब 28 दिनों बाद संस्थान के प्रभारी निदेशक ने चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। शुक्रवार को IGIMS के प्रशासनिक भवन में इस संबंध में एक बैठक आयोजित की गई।

## 'पिंक बस' महिला ड्राइवरों को ट्रेनिंग मिली, लेकिन स्टीयरिंग नहीं

एजेंसी, पटना

पटना में महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'पिंक बस' सेवा अब सवालों के घेरे में है। इसमें कार्यरत महिला ड्राइवरों और कर्मियों ने अपनी बदहाली को लेकर एक मार्मिक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से इन महिलाओं ने काम न मिलने, अधिकारियों के दुर्व्यवहार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव का आरोप लगाया है। पत्र में महिला कर्मियों ने सुधा वर्गीज दीदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। उन्होंने निवेदन किया है कि उनकी समस्याओं पर ध्यान देकर उन्हें उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे सम्मान के साथ अपना काम कर सकें।

पत्र में महिलाओं ने शिकायत किया है कि वे प्रशिक्षित हैं और पिंक बस सेवा में आधिकारिक रूप से कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें बस चलाने



का अवसर नहीं दिया जा रहा है। पिछले 3-4 महीनों से उन्हें बिना किसी काम के ऑफिस में बिठाया जा रहा है। "हमें बस चलाने का मौका नहीं मिल रहा है, हम पूरे दिन बिना कार्य के बैठे रहते हैं। पिछले कई महीनों से हमें केवल घुमाया जा रहा है।" पत्र में काम के टाइमिंग को लेकर भी शिकायत की गई है। महिला कर्मियों ने बताया कि उन्हें सुबह 5 से 6 बजे के बीच ड्यूटी पर बुला लिया जाता है, जबकि उनकी घर वापसी रात के 9:30 से 10 बजे तक होती है। इतने लंबे समय तक कार्यस्थल पर रहने के बावजूद उन्हें ड्राइविंग का मौका नहीं दिया जाता, जो उनके मानसिक तनाव का बड़ा कारण बन रहा है।

## काला चश्मा-ट्रैक सूट अलग अंदाज में दिखे अनंत सिंह

एजेंसी, पटना

मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह इन दिनों अपने बेटे अभिनव को घुड़सवारी सिखा रहे हैं। उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह पटना के जेपी सेतु के पास काला चश्मा और काले ट्रैक सूट में नजर आ रहे हैं। उनका एक वीडियो भी है, जिसमें वे करीब 2.5 करोड़ की रेंज रोवर में बैठकर घोड़े को दौड़ाते दिख रहे हैं। घोड़े पर उनका केयरटेकर सवार है, जो उसे कंट्रोल कर रहा है। अनंत सिंह गाड़ी में बैठे-बैठे ही उसे कमांड देते नजर आ रहे हैं। अनंत सिंह को घोड़ों का काफी शौक है। उनके पास कई महंगे घोड़े हैं। जिस काले घोड़े के साथ अभिनव नजर आ रहे हैं, वह उनके कीमती घोड़ों में से एक है।

**छोटे बेटे को घुड़सवारी की ट्रेनिंग दे रहे अनंत सिंह:** इससे पहले भी एक वीडियो सामने आया



था, जो पटना स्थित उनके आवास का था। उस वीडियो में अनंत सिंह कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे थे, जबकि उनका बेटा अभिनव सफेद घोड़े पर सवार होकर आता है और उसे रोकने की कोशिश करता है। इस दौरान अनंत सिंह उसे समझाते हुए कहते हैं, 'धीरे-धीरे, आराम से।' बेटे को घुड़सवारी सिखाने का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनव काले घोड़े पर सवार नजर आ रहा है। इस वीडियो में भी अनंत सिंह बेटे को घोड़े पर संतुलन बनाने के गुर सिखाते दिख रहे हैं।

# तेजस्वी बोले, लालू नहीं झुके तो बेटा भी नहीं झुकेगा

एजेंसी, पटना

पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आज राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अभिनंदन समारोह हो रहा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचे हैं, जहां कार्यकर्ताओं ने चांदी का मुकुट पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। तेजस्वी ने कहा कि ओसामा पर झूठा केस किया गया है। आप लोगों ने देखा ही है। हमलोग पर कई केस किया गया, जब लालू जी नहीं झुके बेटा भी नहीं झुकेगा। आने वाला दिन हमलोगों का होगा। आपलोगों के अल्पसंख्यक समाज ने हमेशा हमारा साथ दिया है। कार्यक्रम में राज्यभर से अल्पसंख्यक समाज के लोग पहुंचे हैं। अभिनंदन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल और डॉ. अनवर आलम के साथ राजद के तमाम नेता मौजूद हैं।

**पार्टी के आगामी रणनीतियों पर भी मंथन:** कार्यक्रम के जरिए अल्पसंख्यक समाज के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ-साथ आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी चर्चा की जा रही है। इस मौके पर प्रकोष्ठ के कई



वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

**BJP और RSS तानाशाही चाहती है:** तेजस्वी ने कहा कि हमलोगों को संगठन को मजबूत करना है। देश में जो चल रहा उसका समझने की जरूरत है। । इस वक्त अपनों से नहीं, दुश्मनों से लड़ने का है। कुछ नेता जो हिन्दू हो, मुलसमान हो, जो भड़काऊ भाषण देता है। उसका विरोध होना चाहिए। सब लोग यहां जुटे हैं, सब को एक साथ रहना है। हमसे कुछ गलतियां हुई होगी, मिल जुल कर सबके लिए काम करेंगे। तेजस्वी ने ये भी कहा कि कार्यक्रम स्थल छोटा पर गया है। किसी और जगह आयोजन करना चाहिए था। भारी संख्या

**♦ आने वाला दिन हमारा होगा, पटना में राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अभिनंदन समारोह**

में लोग पहुंचे हैं।

**बिहार बदहाल हो चुका है:** तेजस्वी ने कहा कि सीएम कौन बनेगा, पता नहीं। बिहार बदहाल हो चुका है, लोगों ने बर्बाद कर दिया। बिहार में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो चुका है। नौजवानों की बात नहीं होती है, शिक्षा के ऊपर बात नहीं होती है, स्वास्थ्य के ऊपर बात नहीं होती है। पहले 5 साल में एक बार सरकार बनती थी, अब एक ही सरकार दोबारा बनती है। तंत्र-मंत्र से सरकार बनती है। पिछले 2 महीने से एक भी कैबिनेट की बैठक नहीं हुई है। इसके ऊपर कोई चर्चा ही नहीं कर रहा है। सरेआम सड़क पर गला काट दिया जा रहा है। बच्ची के साथ गैंगरेप किया जा रहा है, Tre 4 क्या हुआ भगवान जाने। अस्पताल में दवाई और स्ट्रेचर नहीं मिल रहा है। सरकार में जो लोग हैं चिंता इस बात की नहीं चिंता सिर्फ कुर्सी की है। नीतीश कुमार को इन लोगों ने फंसा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए कड़े निर्देश



**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में चुनावी तैयारियों और पारदर्शिता को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने नगर स्थित समाहरणालय परिसर के ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष और सचिव भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच कराई। उन्होंने सुरक्षा में तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वेयरहाउस की निगरानी में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा मानकों, प्रवेश-निकास व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा को और अधिक मजबूत तथा त्रुटिरहित बनाया जाए, ताकि ईवीएम-वीवीपैट पूरी तरह सुरक्षित रहे। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं डीएसपी (हेडक्वार्टर) भी उपस्थित रहे।

### हत्या के प्रयास के दो कांडों में 6 आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से संबंधित थाना क्षेत्रों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार लखौरा थाना कांड संख्या 89/26 में नामजद 4 प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें कृष्णा पासवान, वृष्णा पासवान और रमेश पासवान (तीनों पिता–दुखा पासवान) तथा रामदेव पासवान (पिता–राघन पासवान), सभी निवासी नोरंगिया, थाना लखौरा शामिल हैं। वहीं संग्रामपुर थाना कांड संख्या 148/26 में पुलिस ने 2 प्राथमिकी अभियुक्तों को दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों में मंदन कुमार (पिता–महेन्द्र दास) एवं रजनीश कुमार (पिता–मनेजर साह), दोनों निवासी श्यामपुर, थाना संग्रामपुर शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही दोनों मामलों में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि कांड से जुड़े अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

### पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, 5.2 किलो गांजा के साथ नेपाल का तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में हरपुर थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त छापेमारी के दौरान एक तस्कर को 5.2 किलोग्राम गांजा जैसे मादक पदार्थ और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान प्रभु साह कलवार, पिता विंध्याचल साह कलवार, निवासी बिश्रामपुर, थाना पोखरिया, जिला परसा, नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद मादक पदार्थ और बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीमावर्ती इलाके में मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर लगातार निगरानी बढ़ाई गई है। इसी क्रम में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उससे गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि तस्करी के नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की जानकारी मिल सके।

### 5 हजार का इनामी लूटकांड आरोपी राजेश पंडित गिरफ्तार, एसटीएफ व डुमरियाघाट पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस को लूटकांड के एक चर्चित मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। डुमरियाघाट थाना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी में 5 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त राजेश पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेश पंडित, पिता जगदीश पंडित, निवासी सुरहा, थाना मुफ्फसिल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 234/24 के लूटकांड में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तकनीकी सूचना और गुप्त इनपुट के आधार पर संयुक्त टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों और नेटवर्क का भी खुलासा हो सके। अधिकारियों ने बताया कि मामले में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है। इस गिरफ्तारी के बाद जिले में सक्रिय लूट गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

### अरेराज उत्पाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 70 लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार



**बीएनएम @अरेराज।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अरेराज उत्पाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के बनपरूवा गांव में छापेमारी कर 70 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की। मौके से शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (BR04AC6892) भी जब्त की गई है। छापेमारी के दौरान इंस्पेक्टर इमरान अंसारी, उत्पाद सिपाही कनक लाल यादव तथा सशस्त्र बल के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को मौके से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखिन्द्र सहनी, पिता स्वर्गीय गंगा सहनी, निवासी बनपरूवा, के रूप में हुई है। उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारियों ने साफ कहा है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, और किसी भी हाल में शराब माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा तीन चरणों में होगी आयोजित, प्रशासनिक तैयारी पूरी

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा जिले में तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शनिवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन तीन तिथियों में किया जाएगा जिसमें 14 एवं 15 अप्रैल को प्रथम चरण, 17 एवं 18 अप्रैल को द्वितीय चरण तथा 20 एवं 21 अप्रैल को तृतीय चरण में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक चरण में परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक या दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक ली जाएगा। जिले के कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर 15,864 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। अभ्यर्थियों को प्रथम पाली के लिए सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:00 बजे से 1:30 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाएगी। एडमिट कार्ड पर अंकित क्यूआर कोड की स्कैनिंग एवं पहचान पत्र के मिलान के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो परीक्षा अवधि में दूरभाष संख्या 06252-242418 पर कार्यरत रहेगा। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं वीक्षक को सुबह 7:00 बजे तक अपने-अपने परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## ज्ञान भारतम अभियान के तहत 50 प्राचीन पाण्डुलिपियों का डिजिटलीकरण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के पुस्तकालय का भ्रमण शनिवार को किया गया। यह भ्रमण भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम्' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि प्रलेखन अभियान से प्रेरित होकर किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों एवं हस्तलिखित ग्रंथों का संरक्षण एवं डिजिटलीकरण सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध दुर्लभ एवं ऐतिहासिक महत्व की पाण्डुलिपियों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं जनहित में उपयोगी पाया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय पुस्तकालय में संग्रहीत कुल 50 प्राचीन पाण्डुलिपियों का सफलतापूर्वक डिजिटलीकरण कराया गया। यह डिजिटलीकरण कार्य न केवल इन अमूल्य धरोहरों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, अपितु इससे भावी पीढ़ियों एवं शोधार्थियों को भी इन ग्रंथों तक सरलता से पहुंच प्राप्त हो सकेगी। जिला प्रशासन, पूर्वी चम्पारण ने आम जनता, पुस्तकालयों, मंदिरों, निजी एवं धार्मिक संस्थाओं से अपील की है कि यदि उनके पास कोई प्राचीन पाण्डुलिपि अथवा हस्तलिखित ग्रंथ उपलब्ध है, तो वे 'ज्ञान भारतम्' ऐप डाउनलोड करके अथवा जिला प्रशासन से संपर्क कर उनकी सूचीकरण एवं संरक्षण में सहयोग प्रदान करें। यह अभियान भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक सार्थक प्रयास है।

## सिसवा पूर्वी पंचायत में मेधावियों का भव्य सम्मान, मैट्रिक-इंटर के सफल छात्र-छात्राओं को मिला मंच

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी।** जिले के बंजरिया प्रखंड के सिसवा पूर्वी पंचायत में रविवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आशुतोष शरण तथा लोक शिकायत के एडीएम शैलेन्द्र कुमार भारती मौजूद रहे। उनके साथ श्रीमती दीपमाला, पंचायत की मुखिया तानिया प्रवीन, समाजसेवी जफर आजाद और फैजुर रहमान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को मेमेन्टो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता और समाज निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर पर इस तरह के आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। समारोह के दौरान अभिभावकों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर पंचायत के लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और इसे शिक्षा को बढ़ावा देने की सराहनीय पहल बताया।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर भव्य आयोजन, डॉ. हैनीमैन की 271वीं जयंती पर होम्योपैथी चिकित्सकों ने दी श्रद्धांजलि

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जयंती एवं विश्व होम्योपैथिक दिवस के पावन अवसर पर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एच.एम.ए.आई.), पूर्वी चंपारण इकाई द्वारा एक गरिमामय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर के गायत्री नगर स्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर के होम्योपैथिक चिकित्सकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एम. प्रसाद ने की, जबकि संचालन का दायित्व सचिव डॉ. धीरज कुमार ने कुशलतापूर्वक निभाया। समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जनार्दन प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों—एच.एम.ए.आई. बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिंह, प्रदेश सचिव डॉ. बी.के. तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता एवं डॉ. शिवनाथ सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. जनार्दन प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चंपारण की धरती ने महात्मा गांधी के विचारों को आगे बढ़ाया, उसी प्रकार यहां के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हैनीमैन के सिद्धांतों एवं सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिंह ने मोतिहारी इकाई को बिहार का एक आदर्श एवं सक्रिय संगठन बताते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर सत्र 2026–28 के लिए संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। संरक्षक के रूप में डॉ. एन.के. दास, अध्यक्ष डॉ. एम.एम. प्रसाद, सचिव डॉ. धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. नवनीत मनी, केंद्रीय प्रतिनिधि डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक कुमार तथा सेमिनार संयोजक डॉ. यू.पी. श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं अन्य पदों पर भी योग्य चिकित्सकों का मनोनयन किया गया। वहीं नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत डॉ. अशोक कुमार द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी चिकित्सकों ने डॉ. हैनीमैन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में जिले के कई वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों के साथ-साथ फार्मेसी क्षेत्र से जुड़े सदस्यों ने भी भाग लिया। साथ ही संगठन में कई नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण कर होम्योपैथी के प्रसार-प्रचार में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। यह जानकारी एच.एम.ए.आई. के सचिव डॉ. धीरज कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



बीएनएम @ हरसिद्धि

हरसिद्धि। थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच के क्रम में HHD मशीन से सत्यापन करने पर एक मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान सोना यादव, पिता स्वर्गीय नारद यादव, निवासी मटियरिया, थाना हरसिद्धि के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे चोरी की बाइक के साथ दबोच लिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बाइक चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी की अन्य घटनाओं और संभावित गिरोह के नेटवर्क का खुलासा हो सके। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है। साथ ही चोरी की बाइक के स्रोत और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

## डीआरडीओ की भव्य प्रदर्शनी 15 से 18 अप्रैल तक: शांति सत्य और विज्ञान का संगम

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नगर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में एक भव्य एवं अत्याधुनिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। शांति, सत्य और विज्ञान का संगम सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की ओर विषय पर आधारित यह विशेष प्रदर्शनी 15 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन आगामी 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में डॉ. समीर वी. कामत, अध्यक्ष — डीआरडीओ एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास सचिव, मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राधा मोहन सिंह, सांसद (लोक सभा), सभापति — रक्षा संबंधी स्थायी समिति एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार, अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इस प्रदर्शनी में डीआरडीओ द्वारा विकसित अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अंतर्गत निर्मित नवाचारों और उत्पादों का विस्तृत प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल वैज्ञानिक प्रगति का परिचायक है, बल्कि देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का सशक्त प्रस्तुतीकरण भी है। जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों, युवाओं एवं विज्ञान में रुचि रखने वाले व्यक्तियों से आग्रह किया जाता है कि वे इस अद्वितीय अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने परिवार सहित प्रदर्शनी का अवलोकन कर देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से परिचित हों।

## पीपराकोठी के विद्यालय में पर्यावरण की पाठशाला, जयंती पर पौधारोपण का संकल्प

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** पीपराकोठी प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय में शनिवार को कस्तूरबा गांधी और ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर वन विभाग के सहयोग से नेत्रिका फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले "पर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और अतिथियों ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्कूल की पूर्व प्राचार्य शशिकला ने कहा कि "पृथ्वी हर व्यक्ति की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।" उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित रंजन ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण विनाश का प्रमुख कारण है। उन्होंने सभी जीवों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने और आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण को अनिवार्य बताया। वहीं डॉ. स्नेह एस. चौरसिया ने अपने संबोधन में "तीन पी—पेड़, पानी और प्लास्टिक" पर विशेष जोर देते हुए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने, झोले के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने कहा कि "प्रकृति किसी की संपत्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है।" उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए इस धरोहर को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक पंकज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षक नीरज गिरि, विनय कृष्ण, रविंदर सिंह समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने भी प्रकृति संरक्षण पर अपने संदेश साझा किए। समापन के अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने प्रत्येक छात्र एक पौधा लगाएगा और उसकी सुरक्षा करेगा का संकल्प लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनियमितता उजागर



**बीएनएम @ बगहा।** बगहा दो अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत यमुनापुर तड़वलिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता का मामला सामने आया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पंचायत स्तर पर निरीक्षण कराया गया, जिसमें गंभीर लापरवाही उजागर हुई। मुखिया के निर्देश पर उप मुखिया ओम्कारेश्वर मिश्रा को जांच के लिए भेजा गया। निरीक्षण के दौरान कुल पांच आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई, जिनमें वार्ड संख्या 10 स्थित केंद्र संख्या 349 पर भारी अनियमितता पाई गई। जांच के दौरान पाया गया कि उपस्थिति रजिस्टर में 40 बच्चों की हाजिरी दर्ज थी, जबकि मौके पर मात्र दो बच्चे ही उपस्थित मिले। इतना ही नहीं, केंद्र पर केवल दो बच्चों के लिए ही भोजन तैयार किया गया था। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि तैयार भोजन सरकारी निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं था। इससे केंद्र के संचालन और पोषण योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में उप मुखिया ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बगहा-2 सावित्री दास को आवेदन देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत के मुखिया उपेंद्र दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वरीय अधिकारियों को भी इसकी जानकारी देकर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सावित्री दास ने बताया कि इससे पहले भी केंद्र की जांच में कमी पाई गई थी और स्पष्टीकरण मांगा गया था। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे मामले की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जा रही है, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### बीजेपी से सीएम के सवाल पर भड़क उठी रमा निषाद



**बीएनएम @ शेखपुरा।** जिला में निरीक्षण को लेकर शनिवार को बीजेपी के महादलित प्रकोष्ठ के मंत्री रमा निषाद शेखपुरा पहुंची। इस दौरान खुड़िया स्थित अम्बेडकर छात्रावास की 33 छात्राओ के द्वारा मैट्रिक परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन पास करने पर मंत्री ने सभी को पुरुषकृत कर उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान मंत्री बीजेपी कार्यालय में जाकर शेखपुरा और लखीसराय के अधिकारियों के साथ बैठक किया। इसके बाद मंत्री ने जिला अतिथि गृह पहुंची और प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री रमा निषाद भड़क उठी। दरसल पत्रकारों ने मंत्री से सवाल पूछा की बिहार में बीजेपी से मुख्यमंत्री का चेहरे में आपका भी नाम सामने आ रहा है, इसपर मंत्री सीधा भड़क उठी और पत्रकारों को चापलूस कह बैठी। वहीं मंत्री ने बात करते हुए कहा की बिहार में डबल इंजन सरकार बेहतर कार्य कर रही है और एनडीए से ही मुख्यमंत्री बनने की बात कही। मंत्री ने बंगाल चुनाव को लेकर कहा कि जिस तरह से बिहार में पूर्ण बहुमत से डबल इंजन की सरकार बनी है, ठीक उसी तरह बंगाल में भी बीजेपी का झंडा लहराएगा। वहीं मंत्री ने बिहार के सीएम चेहरे के सवाल पर ज्यादा कुछ बोलने से बचती दिखी। वहीं शेखपुरा में निरीक्षण को लेकर मंत्री मे कहा की किसी तरह की कोई कमी देखने को नहीं मिली थोड़ी बहुत कमिया दिखी भी है तो उसे जल्द ही सुधार लिया जायेगा।

### जनता दरबार 10 मामलों की हुई सुनवाई, दो का मौके पर ही निपटारा



**बीएनएम @लौरिया।** स्थानीय अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में प्रशासन का बेहद सक्रिय रुख देखने को मिला। बीडीओ सह अंचलाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में कुल 10 मामलों की गहन सुनवाई की गई, जिनमें से दो जटिल मामलों का त्वरित निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। प्रशासन की इस तत्परता को देख फरियादियों के चेहरे खिल उठे। जनता दरबार में पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं को लेकर अपनी अर्जी दाखिल की जिसमें जमीन विवाद और पैमाइश। दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) में देरी। सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण। अन्य प्रशासनिक एवं अंचल संबंधी शिकायतें। अंचलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व कर्मियों को फाइलों की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। जिन मामलों का निपटारा शनिवार को नहीं हो सका, उनके आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि अगली सुनवाई में उन्हें अंतिम रूप दिया जा सके। सुनवाई के दौरान सीओ संजीव कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कई विवाद केवल संवाद की कमी के कारण बढ़ते हैं। उन्होंने अपील की ग्रामीण छोटी-छोटी बातों पर आपसी टकराव बचें। इस अवसर पर ग्रामीण विकास पदाधिकारी विवेक सिंह, प्रधान लिपिक बृजेश कुमार समेत अंचल के कई राजस्व कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय के लिए लोगों का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्था पर निरंतर बढ़ रहा है।

# थानों में 'प्राइवेट सिस्टम' का खेल: रिश्वत लेते मुंशी को निगरानी ने दबोचा, थानेदार सस्पेंड

» आदापुर थानाध्यक्ष पप्पू पासवान निलंबित, कई थानों में निजी लोगों से काम लेने पर उठे सवाल

बीएनएम @ राकेश कुमार



गिरफ्तार निजी मुंशी



नवपदस्थापित थानाध्यक्ष पूजा कुमारी



निलम्बित थानाध्यक्ष पप्पू पासवान

**मोतिहारी।** हथियार लाइसेंस सत्यापन के नाम पर थाना स्तर पर चल रहे रिश्वतखोरी के खेल का शनिवार को बड़ा खुलासा हुआ। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने आदापुर थाना के निजी मुंशी इन्सेराब आलम को 14 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के कुछ ही घंटों के भीतर एसपी स्वर्ण प्रभात ने आदापुर थानाध्यक्ष पप्पू पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जबकि पचपकड़ी में पदस्थापित पूजा कुमारी को नया थानाध्यक्ष बनाया गया। मामले की शुरुआत बखरी निवासी आफताब अंसारी की शिकायत से हुई। उन्होंने निगरानी ब्यूरो को बताया था कि हथियार लाइसेंस आवेदन के सत्यापन और फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद डीएसपी गौतम कृष्ण के नेतृत्व में विशेष धावादल का गठन किया गया। शनिवार को टीम ने आदापुर थाना क्षेत्र के जमुनापुर चौक पर जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने 14,000 रुपये की रिश्वत ली, उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पटना ले जाकर पूछताछ की जा रही है। निगरानी अब इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि रिश्वतखोरी का यह खेल केवल निजी मुंशी तक सीमित था या इसके पीछे थाना स्तर का कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी की त्वरित कार्रवाई को विभाग में जीरो टॉलरेंस नीति का सख्त संदेश माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने भी साफ संकेत दिया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इधर, इस मामले ने जिले के कई थानों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि कई थानों में निजी चालक, निजी मुंशी और यहां तक कि केस डायरी लिखने के लिए भी निजी लोगों को रखा गया है। इससे थाना की गोपनीय फाइलों, केस डायरी और जांच से जुड़े दस्तावेजों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। बाहरी लोगों के हाथों पुलिस रिकॉर्ड तक पहुंच होने से गोपनीयता भंग होने की आशंका बढ़ गई है, जो नियम और सुरक्षा दोनों दृष्टि से गंभीर मामला माना जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले हरसिद्धि थाना के दो निजी चालक भी रिश्वत लेने के आरोप में जेल जा चुके हैं। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने जिले की पुलिस व्यवस्था, थाना प्रबंधन और संवेदनशील फाइलों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सनद रहे कि निलंबित थानाध्यक्ष पप्पू पासवान इससे पहले हरसिद्धि थाना में भी पदस्थापित रह चुके हैं। आदापुर की यह कार्रवाई अब पूरे जिले के थाना तंत्र के लिए एक कड़ा संदेश और चेतावनी मानी जा रही है।

## गोविंदगंज के लौरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 का आयोजन

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के लौरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, गरीब कल्याण, सुशासन और अंत्योदय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही देश के विकास और सेवा के संकल्प को नई ऊर्जा देता है।मंत्री दुबे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।इस दौरान प्रशिक्षण अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पहल कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रखंड कृषि कार्यालय में मक्का बीज वितरण, किसानों को उन्नत खेती की दी गई जानकारी

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना के तहत स्थानीय प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में किसानों के बीच मक्का बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कृषि पदाधिकारी रत्नेश कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अभिषेक कुमार और समन्वयक संतोष ठाकुर ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीक, बीज के सुरक्षित रखरखाव और समय पर बुआई के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर अधिक उत्पादन लेने की अपील की। बीज वितरण के दौरान कृषि सलाहकार सुमन कुमार सिंह एवं कुमार राघवेंद्र ने किसानों के दस्तावेजों का सत्यापन कर उन्हें समय पर खेत की तैयारी और बुआई शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मौजूद युवा समाजसेवी मनीष राज ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब सीधे छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचना सुखद संकेत है। इससे किसानों को समय पर संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे खेती की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा। बीज प्राप्त करने वाले किसानों में ईश्वरी प्रसाद और झुंझुनू मिश्रा प्रमुख रहे। किसानों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर बीज मिलने से खरीफ फसल की तैयारी में काफी सहूलियत मिली है। अधिकारियों ने बताया कि प्रखंड के अन्य पात्र किसानों के बीच भी बीज वितरण अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि खरीफ मौसम के लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके।

## अरेराज में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेज, 19 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव को इस बार ऐतिहासिक और जनभागीदारी वाला स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में सोमेश्वर उच्च विद्यालय परिसर में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जन्मोत्सव को हर्षोल्लास, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। प्रोफेसर कामेश्वर मिश्रा के संयोजन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विवेकानंद पांडे ने की। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर तक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसके तहत हर पंचायत से दो-दो सक्रिय सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया, ताकि जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में संरक्षक राजेंद्र कुमार मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा किया, जबकि कोषाध्यक्ष संजय ओझा ने आयोजन की भव्यता के लिए सामूहिक आर्थिक सहयोग का आह्वान किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमेश्वर नाथ मंदिर के दक्षिण ठाकुरबाड़ी स्थित प्राचीन परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजन होगा। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए सुबह 11 बजे पांडे वाटिका में धर्मसभा में परिवर्तित हो जाएगी। आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई देने के लिए हिमालयी संत स्वामी शक्ति शरणानंद जी महाराज (चंचल बाबा) तथा सोमेश्वर नाथ पीठाधीश्वर स्वामी रवि शंकर गिरी जी महाराज को विशेष रूप से आमंत्रित करने पर जोर दिया गया। बैठक में ब्राह्मण, भूमिहार, गिरी और ब्रह्मभट्ट समाज की एकजुटता पर विशेष बल देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण कल्याण के लिए सभी वर्गों को एक मंच पर आना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर चंद्र भूषण पाठक, मदन शास्त्री, रूपेश राज, मुन्ना तिवारी, राजकुमार मिश्रा, संदीप तिवारी और मनीष मोहन गर्व सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एनएच जाम कांड में पुलिस का शिकंजा, मुख्य आरोपी पटना से गिरफ्तार

बीएनएम @ रामगढ़वा @ विजय कुमार

**रामगढ़वा।** चर्चित मछली विक्रेता विवाद के बाद नेशनल हाईवे जाम कांड में रामगढ़वा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी मनोज पांडेय को पटना से गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी आखिरकार तकनीकी सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज पांडेय, पिता राजदेव पांडेय, कांड संख्या 72/26 (09 फरवरी 2026) में नामजद था। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने पटना में छापेमारी कर उसे दबोचा और रामगढ़वा लाया। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व रामगढ़वा पुलिस और एक मछली विक्रेता के बीच हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया था। इसके विरोध में आरोपियों ने समर्थकों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे जाम कर घंटों यातायात ठप कर दिया था। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी और आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने सड़क जाम, सरकारी कार्य में बाधा, यातायात अवरुद्ध करने और कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश में भी लगातार छापेमारी जारी है। मुख्य आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## सपही पंचायत में आग का कहर, दो भाइयों के घर राख; एक बकरी जली, नकद समेत लाखों की क्षति

बीएनएम @तुरकौलिया



**तुरकौलिया।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही आगलगी की घटनाओं के बीच शनिवार को सपही पंचायत के वार्ड संख्या 8 में भीषण आग लगने से दो भाइयों का घर जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खाना बनाने के दौरान उड़ी चिंगारी से यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान जयलाल साह और ज्ञानी साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जयलाल साह के झोपड़ीनुमा घर में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक निकली चिंगारी से घर में आग लग गई और देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। आग में घर का सारा सामान, कपड़े, अनाज, बर्तन और अन्य जरूरी सामग्री जलकर राख हो गई। हादसे में एक बकरी भी आग की चपेट में आकर जल गई। जयलाल साह के घर में रखा करीब एक लाख रुपये मूल्य का सामान नष्ट हो गया। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और पास के ज्ञानी साह के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनका भी पूरा घर जल गया। पीड़ित परिवार के अनुसार घर में रखा करीब 60 हजार रुपये नकद भी आग में स्वाहा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवारों ने बताया कि शरीर पर पहने कपड़ों के अलावा सबकुछ जल गया, यहां तक कि अब उनके पास सिर छुपाने की भी जगह नहीं बची है। आरओ सह सीओ विंदेश्वरी प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलते ही राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट मिलते ही पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह, 60 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

बीएनएम @ ढाका



**ढाका।** प्रखंड क्षेत्र के गहई पंचायत में डायनेमिक स्टुडेंट सक्सेस मिशन वारियर्स टीम के तत्वावधान में शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करीब 60 विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश सिंह एवं उनकी पत्नी सुंदर शिला देवी ने संयुक्त रूप से की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक श्यामनंदन पटेल ने किया। समारोह का मुख्य आकर्षण गहई पंचायत की बेटी ज्योति कुमारी रहीं, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 459 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं गोलू पटेल ने 449 अंक, ज्या कुमारी पटेल ने 434 अंक, अनीश कुमार ने 421 अंक तथा सत्यम कुमार ने 402 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी, किरण कुमारी, सलोनी पटेल, हिमानी पटेल, मुस्कान चौधरी, अमित कुमार, मनोरंजन कुमार शास्त्री, गौतम कुमार पटेल, देव कुमार और कुणाल शर्मा सहित अन्य सफल विद्यार्थियों को भी मंच पर मेमेन्टो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पत्रकार दिनेश सिंह, सचिन कुमार, मुरारी पटेल, सुशील पटेल, मुनमुन पटेल, गौरव पटेल, हरिओम सिंह और बच्चा बाबू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## युद्ध से कोरोना जैसा संकट

मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने में सफल हुआ, ये कहना कठिन है।

प्रधानमंत्री की इस बात से सहज सहमत हुआ जा सकता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से भारत के सामने कोरोना महामारी जैसा संकट खड़ा हुआ है। उनकी ये बात भी सही है कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। मगर उनकी ये बात उतनी ही आसानी से गले नहीं उतरती कि ये चुनौतियां अप्रत्याशित ढंग से सामने आईं। ना ही उनका ये कथन सहज स्वीकार्य है कि गुजरे एक दशक में उनकी सरकार ने जो तैयारियां कीं, वे इस वक्त काम आ रही हैं। हकीकत यह है कि रसोई गैस आपूर्ति में आई रुकावटों से देशवासी मुसीबत में फंसे हुए हैं, देश की खाद्य सुरक्षा के ऊपर उर्वरक का गंभीर संकट मंडरा रहा है, और भीषण महंगाई की आशंका हर रोज सघन होती जा रही है।

बेशक, इस पूरी हालत के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है, लेकिन उसकी व्यापार एवं विदेश नीति संबंधी प्राथमिकताओं ने हालात ज्यादा मुश्किल बनाए हैं, यह भी जग-जाहिर है। अमेरिकी दबाव में रूस से रियायती दर पर तेल लेना बंद करना एक ऐसी ही प्राथमिकता थी। अब संकटकाल में जब अमेरिका ने रूसी तेल को प्रतिबंध मुक्त किया है, तो भारत को बाजार भाव पर वही तेल खरीदना पड़ रहा है। इसी तरह पश्चिम एशिया में सबसे समान दूरी की नीति छोड़ने की महंगी कीमत अब चुकानी पड़ी है।

नरेंद्र मोदी ने संसद के मंच पर अपनी नीतियों के पक्ष में कोई दमदार दलील पेश नहीं की। बल्कि पश्चिम एशिया के बारे में एकमात्र नीतिगत बयान यह दिया कि होरमुज जलडमरूमध्य को बंद करना अस्वीकार्य है। मगर, इससे यह बात गायब रही कि ये रास्ता किसने बंद किया और उसकी पृष्ठभूमि क्या है? इस संबंध में विपक्षी दलों ने अपनी अलग राय रखी है। लोकसभा में दिए बयान में मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और पूरे देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में युद्ध के 24वें दिन जाकर दिया गया उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने और जन-विश्वास पैदा करने में सफल हुआ, यह शायद ही कहा जा सकता है।

# आस्था का बाज़ारीकरण: वीआईपी दर्शन और आम श्रद्धालु की उपेक्षा पर एक गंभीर सवाल

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत जैसे देश में, जहाँ धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहाँ मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति, और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। "भगवान के दरबार में सब बराबर हैं"—यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं।

देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलोंपर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन, और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।

आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है—विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक "प्रीमियम सेवा" बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक, और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है। वीआईपी संस्कृति के पक्ष में तर्क दिया जाता है कि इससे मंदिरों को अतिरिक्त राजस्व मिलता है, जिससे उनकी व्यवस्था और सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है। बड़े मंदिरों में रोजाना लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिनकी व्यवस्था करना आसान नहीं होता। ऐसे में यदि कुछ लोग अतिरिक्त



शुल्क देकर अलग व्यवस्था चाहते हैं, तो उससे प्राप्त धन का उपयोग सार्वजनिक सुविधाओं में किया जा सकता है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब यह व्यवस्था असंतुलित हो जाती है। जब वीआईपी सुविधाएं इतनी अधिक हो जाती हैं कि आम श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध संसाधन और समय कम पड़ने लगते हैं, तब यह एक प्रकार का अन्याय बन जाता है। कई बार देखा गया है कि वीआईपी दर्शन के लिए सामान्य कतारों को रोका जाता है, जिससे आम लोगों का इंतजार और बढ़ जाता है। इससे असंतोष और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।

इसके अलावा, मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है। धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

इस समस्या का समाधान आसान नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, मंदिर प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीआईपी सेवाओं की संख्या और प्रभाव सीमित रहे। इन सेवाओं का उद्देश्य केवल अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, न कि आम श्रद्धालुओं के अधिकारों को कम करना। दूसरा, भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। ऑनलाइन बुकिंग, टाइम स्लॉट सिस्टम, और डिजिटल कतार प्रबंधन जैसे उपायों से भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे सभी श्रद्धालुओं को एक व्यवस्थित और सम्मानजनक अनुभव मिल सकता है। तीसरा, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को संवेदनशीलता और शिष्टाचार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। हर श्रद्धालु, चाहे वह वीआईपी हो या आम व्यक्ति, सम्मान का पात्र है। यह भावना केवल नीतियों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए।

चौथा, सरकार और संबंधित ट्रस्टों को इस मुद्दे पर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए। धार्मिक स्थलों पर समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है।

अंततः, यह भी जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। आज समय आ गया है कि हम यह सोचें कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। क्या हम ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ भगवान के दर्शन भी पैसे और पहुँच के आधार पर तय होंगे? या हम उस मूल भावना को बचाए रखेंगे, जिसमें हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो?

मंदिरों की पवित्रता केवल उनकी भव्यता या व्यवस्था से नहीं, बल्कि वहां मिलने वाले अनुभव से तय होती है। यदि वह अनुभव भेदभाव और असमानता से भरा होगा, तो आस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहाँ हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है—जहाँ सब बराबर हैं।

(लेखक, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक है।)

# सोशल मीडिया : जब मानव ही उत्पाद बन गया

**दीपक द्विवेदी**

कभी कहा जाता था मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसका जीवन प्रकृति की लय पर चलता था। वह पंचतत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से बना था और इन्हीं में लौट जाने की विनम्रता उसके भीतर थी। उसके सुख-दुःख ऋतुओं की तरह आते-जाते थे, और उसके संबंध नदी के जल की तरह बहते थे, स्वाभाविक, जीवंत और स्पर्श से भरे हुए। उस समय मनुष्य का अस्तित्व उसके रिश्तों से परिभाषित होता था, न कि उसकी प्रोफाइल से। वह अपने पिता की आवाज़ में, माँ के स्पर्श में, मित्र के कंधे पर रखे हाथ में और गाँव की चौपाल में अपनी पहचान पाता था।

परन्तु धीरे-धीरे समय बदला। औद्योगिक क्रांति आई, पूँजीवाद आया, और मनुष्य का मूल्य उसके श्रम से मापा जाने लगा। वह सामाजिक प्राणी से अधिक आर्थिक प्राणी बन गया। उसका समय बिकने लगा, उसकी मेहनत बिकने लगी, और उसके श्रम से लाभ कमाया जाने लगा। आज डिजिटल युग में, परिवर्तन और भी गहरा हो गया है। अब केवल मनुष्य का श्रम ही नहीं, बल्कि उसका स्वयं उसकी पहचान, उसकी भावनाएँ, उसके रिश्ते, उसकी कहानियाँ भी बाजार का हिस्सा बन चुके हैं। डिजिटल दुनिया का अदृश्य खनन

आज का मनुष्य सुबह उठते ही अपने फोन को देखता है। वह सोचता है कि वह दुनिया से जुड़ रहा है। परन्तु सच यह है कि उसी क्षण से उसका खनन शुरू हो चुका होता है। हर डिजिटल कंपनी उसकी हर गतिविधि पर नज़र रख रही है , उसकी तस्वीर , उसकी उम्र , उसका पहनावा , उसकी मुस्कान और उसकी उदासी , उसके मित्र , उसकी बातचीत , उसकी पसंद और उसकी आदतें आदि यह सब केवल जानकारी नहीं है, यह डिजिटल खदान से निकाला गया कच्चा माल है। मनुष्य सोचता है कि वह इन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग कर रहा है, परन्तु वास्तविकता में वह स्वयं एक उत्पाद बन चुका है। जैसे खदान से कोयला या हीरा निकाला जाता है, वैसे ही डिजिटल दुनिया से मनुष्य की पहचान और उसका व्यवहार निकाला जा रहा है।

**भीड़ के बीच अकेला मनुष्यः** आज यदि कोई व्यक्ति अपने दुःख -सुख को सोशल मीडिया पर साझा करता है, तो हजारों लोग लाइक करते हैं, कमेंट करते हैं, संवेदना व्यक्त करते हैं। परन्तु क्या कोई हाथ उसके कंधे पर रखा जाता है? क्या कोई आँख उसकी आँखों में देखकर कहती है मैं तुम्हारे साथ हूँ? डिजिटल दुनिया में उसके पास हजारों लोग उसके पास हैं, परन्तु वास्तविक जीवन में वह अक्सर अकेला है। उसकी डिजिटल दुनिया सुंदर है,चमकदार, रंगीन, आकर्षक है, परन्तु उसके भीतर एक खालीपन है, एक मौन है, जिसे कोई एल्गोरिदम नहीं समझ सकता। जब पहचान डेटा बन गई

एक समय था जब मनुष्य की पहचान उसके व्यक्तित्व से होती थी। आज उसकी पहचान एक एल्गोरिदमिक प्रोफाइल बन गई है। उसकी खरीदारी, उसका क्रेडिट स्कोर, वह क्या देखता है, क्या खाता है, कहाँ जाता है, यह सब मिलकर एक डिजिटल मनुष्य का निर्माण करते हैं। यदि वह एक फिटनेस ऐप डाउनलोड करता है, तो वह सोचता है कि वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख रहा है, परन्तु उसी समय उसकी नींद का समय, उसकी लोकेशन, उसकी आदतें सब रिकॉर्ड हो रही हैं। निजता अब बंद कमरे की दीवार नहीं रही; वह एक पारदर्शी काँच बन गई है, जिसके आर-पार सब कुछ दिखाई देता है।

**कहानियाँः नया व्यापार** : आज कोई भी घटना चाहे वह कितनी ही व्यक्तिगत क्यों न हो कुछ ही मिनटों में पूरी दुनिया तक पहुँच सकती है। उसकी हर कहानी की एक कीमत है। आज कहानियाँ ही नया व्यापार हैं। इसे स्टोरी इकॉनमी कहा जा सकता है। जितनी अधिक आपकी दृश्यता बढ़ती है, उतना ही आपका डिजिटल मूल्य बढ़ता है। आप धीरे-धीरे एक व्यक्ति से अधिक एक डेटा पैकेज बन जाते हैं।

मशीन और मनुष्य के बीच धुंधली होती रेखा

अब इस कहानी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी प्रवेश कर चुकी है। आज AI आधारित प्रणालियाँ जैसे ChatGPT , GRok और अन्य डिजिटल सहायक आपसे बात कर सकते हैं, आपको समझ सकते हैं, आपको सलाह दे सकते हैं। अब तो क्लॉउड़े कोवर्क के आने से अब मानव शायद कुछ करने की आवश्यकता ही न पड़े। अब पहचान केवल जन्म से नहीं, बल्कि प्रदर्शन से तय होने लगी है। सोशल मीडिया ने एक नया सत्य स्थापित कर दिया है, दिखना ही अस्तित्व है।

**प्रसारण बन गया जीवनः** इन्फ्लुएंसर अपनी जिंदगी साझा करते हैं। लोग लाइक और फॉलो के लिए अपनी निजी बातें सार्वजनिक करते हैं। धीरे-धीरे पहचान प्रदर्शन बन जाती है , ध्यान मुद्रा (करेंसी ) बन जाता है, दर्शक बाजार बन जाते हैं और जीवन एक निरंतर प्रसारण बन जाता है।

**सबसे बड़ा विरोधाभासः** यह डिजिटल दुनिया एक अवसर भी है। यह मनुष्य को अपनी कला, अपने विचार और अपनी पहचान को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देती है। परन्तु यह एक खतरा भी है क्योंकि अब उसकी हर गतिविधि रिकॉर्ड हो रही है। उसकी निजी जिंदगी भी बाजार का हिस्सा बन गई है। आज का मनुष्य पहले मजदूर था, फिर उपभोक्ता बना, और अब स्वयं एक उत्पाद बन गया है।

क्या हम अपना 'स्वयं' खो रहे हैं?

एक समय था जब दादा-दादी/ नाना-नानी की कहानियाँ हमें जीवन का अर्थ सिखाती थीं, समाज से जुड़ाव सिखाती थी , आज कहानियाँ स्क्रीन से आती हैं। इसीलिए एक समय था जब किसी अपने के दुःख पर आँखों से आँसू निकल आते थे। आज हम केवल सेड इमोजी (Sad Emoji) भेजते हैं, आज हमें क्या हो गया है ? क्या हमारी संवेदनाएँ कमजोर हो रही हैं? क्या हमारा जुड़ाव समाप्त हो रहा है?आज आंसू सुख गए है , आज हम लोगो के दुःख दर्द को सुनकर उसकी ओर दौड़ नहीं पाँते है ? क्या हम सचमुच स्वतंत्र हैं या केवल यह भ्रम है?

**क्या मनुष्य अब भी मनुष्य है**? : आज दुनिया की दिशा कुछ डिजिटल कंपनियाँ और एल्गोरिदम तय कर रहे हैं। वे तय करते हैं आप क्या देखेंगे , आप क्या सोचेंगे , आप क्या खरीदेंगे और धीरे-धीरे, आप वही बन जाते हैं जो वे चाहते हैं। आपको लगता है कि आप निर्णय ले रहे हैं, परन्तु वास्तव में निर्णय पहले ही आपके लिए चुना जा चुका होता है।

**आशा का मार्गः** अभी सब कुछ समाप्त नहीं हुआ है। मनुष्य अब भी मशीन से बड़ा है। उसकी संवेदनाएँ, उसका स्पर्श, उसका प्रेम यह सब किसी एल्गोरिदम से परे है। यदि हम यह भूल गए, तो हम जीवित होते हुए भी निर्जीव हो जाएँगे एक ऐसी कठपुतली, जो सोचती है कि वह स्वतंत्र है, परन्तु जिसकी डोर कहीं और से नियंत्रित हो रही है और यदि हम यह याद रख पाए, तो शायद हम डिजिटल दुनिया का उपयोग करेंगे परन्तु स्वयं उसका उत्पाद नहीं बनेंगे। प्रश्न यह नहीं है कि डिजिटल दुनिया हमारे जीवन में है या नहीं। प्रश्न यह है क्या हम अब भी अपने जीवन में हैं?

इतिहास साक्षी है कि मनुष्य ने हर युग में अपने अस्तित्व को बचाने का मार्ग खोजा है। डिजिटल दुनिया भी अपवाद नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य तकनीक का स्वामी बना रहे, उसका दास न बने। उसे यह स्मरण रखना होगा कि उसकी वास्तविक पहचान उसके प्रोफाइल में नहीं, बल्कि उसके प्राण में है; उसके डेटा में नहीं, बल्कि उसके दिल में है।

भविष्य की दिशा यही है कि मनुष्य डिजिटल साधनों का उपयोग करे, परन्तु अपने मानवीय संबंधों को उनसे प्रतिस्थापित न होने दे। उसे पुनः संवाद की संस्कृति को जीवित करना होगा आँखों में आँखें डालकर बात करना, बिना कारण मिलना, बिना उद्देश्य साथ बैठना, और बिना किसी डिजिटल माध्यम के एक-दूसरे को महसूस करना क्योंकि मनुष्य की सबसे बड़ी सुरक्षा किसी कानून या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके जीवित संबंधों और जागृत चेतना में निहित है।यदि मनुष्य सजग रहा, तो डिजिटल युग उसकी क्षमताओं का विस्तार बनेगा; परन्तु यदि वह असजग रहा, तो वही युग उसके अस्तित्व को सीमित कर देगा। अंततः प्रश्न तकनीक का नहीं, मनुष्य की चेतना का है। यदि वह अपने भीतर के स्वयं को बचा सका, तो भविष्य उसका होगा; अन्यथा, वह जीवित होते हुए भी केवल एक अदृश्य बाज़ार की खामोश वस्तु बनकर रह जाएगा।




**मेष राशिः** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आज ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस देखकर बॉस आपसे बहुत खुश होंगे। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी,नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा। किसी नए काम की तरफ मन अट्रैक्ट होगा,उसकी शुरुआत करेंगे और लाभ कमाएंगे। पिछले किए गए कार्यों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। आज मित्र से किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर मदद मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। हो सकता है कि शाम तक आपको शुभ समाचार मिलेंगे, घर में खुशी का माहौल बनेगा। सोसाइटी के लोग आज आपके व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की अविवाहित महिलाओं के लिये आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं।

**मिथुन राशिः** आज दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएगी। कार्यस्थल पर अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। अपने जीवनशैली में सुधार महत्वपूर्ण बदलाव लाने की योजना बनाएंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी के साथ किसी मूवी को देखने का प्लान बना सकते हैं। विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम की आवश्यकता है। आज व्यर्थ की बहसबाजी से दूर रहें, तो बेहतर होगा। आप अपनी काबिलीयत से काम को आसानी से पूरा कर सकते हैं। किसी काम को जल्दबाजी में न करें, वरना काम बिगड़ सकता है। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह राशिः** आज कार्यक्षेत्र में योग्यता साबित करने के लिए दिन शुभ है आपको थोड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है फिर बड़ी कामयाबी मिलेगी। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। मेहनत और ईमानदारी से किये गये काम में सफलता अवश्य मिलाएगी। दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। सरकारी दस्तावेजों के रख रखाव संबंधी कामकाज में थोड़ी सावधानी रखें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा। आज किसी विपरीत परिस्थिति से आप आसानी से बाहर निकल जाएंगे। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी मित्र की मदद से पूरा हो जाएगा। आज की जाने वाली व्यावसायिक यात्रा के दूरगामी परिणाम होंगे। आज वाणी में मधुरता रहेगी। बड़े भाई की सलाह आज बहुत काम आयेगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका मन किसी पुराने मित्र से मिलने का करेगा। कुछ लोग आपकी परेशानी बढ़ा सकते हैं किसी भी तरह की बहस में पड़ने से बचें। आपकी सूझबूझ और समझदारी से पड़ोसियों से पुराने विवाद आज समाप्त हो जाएँगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे वालों आज आपका ज्यादातर समय माता-पिता के साथ बीतेगा। भौतिक सुख- संसाधनों में बढ़ोतरी होगी। आज आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। बच्चों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**धनु राशिः** अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन शानदार है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे,जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा,ज्यादा प्रॉफिट होगा। नवविवाहितों को आज खुशखबरी मिलने वाली है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी धार्मिक समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं ,सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। काम की व्यस्तता थोड़ी ज्यादा रहेगी। किसी का गुस्सा किसी और पर निकालने से आपके संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है ऐसा करने से बचें।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। आज घूमने-फिरने में भी समय अधिक बीतेगा। मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बनाएंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। घर में विशेष मांगलिक कार्य का आयोजन होने के असार है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखेंगे जिससे आपका बॉस प्रभावित होगा। दोस्तों से आपके संबंध मधुर होंगे। आज अनुभव से काम पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

# किशोर आक्रामकता एवं हिंसा पर अंकुश लगाने की पहल हो

**ललित गर्ग**

भारतीय किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से किशोरों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में किशोरों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। बदलते समय के साथ समाज के व्यवहार में आई यह हिंसक तीव्रता और आक्रामकता अब केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका सबसे चिंताजनक प्रभाव किशोर पीढ़ी पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना ज्यादा परेशान करने वाला है। हाल के वर्षों में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की संख्या और उनकी क्रूरता ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रभावों के गहरे संकट का संकेतक बन चुका है।

दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में मात्र चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की नृशंस हत्या, जिसमें तीन किशोरों ने बेरहमी से चाकू घोंपे और चौथा उसका वीडियो बनाता रहा, इस विकृति का भयावह उदाहरण है। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि संवेदनाओं के क्षरण, नैतिकता के पतन और कानून के भय के समाप्त हो जाने का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर किशोरों में यह दुस्साहस और हिंसात्मक प्रवृत्ति कहां से जन्म ले रही है? वस्तुतः, किशोर अपराधों के बढ़ते ग्राफ के पीछे कई परस्पर जुड़े हुए कारण हैं, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। सबसे पहला और प्रमुख कारण है पारिवारिक संरचना का विघटन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची और अन्य सदस्यों के सान्निध्य में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं का सहज प्रशिक्षण मिलता था। आज एकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता और समयाभाव के कारण बच्चों के साथ संवाद का अभाव हो गया है। परिणामस्वरूप, किशोर अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान बाहर ढूंढते हैं, जो कई बार उन्हें गलत दिशा में ले जाता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण है डिजिटल और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव। इंटरनेट ने जहां ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं अपराध, हिंसा और अश्लीलता से भरी सामग्री भी किशोरों के लिए सहज उपलब्ध कर दी है। फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों में हिंसा को जिस प्रकार ग्लैमराइज किया जाता है, वह किशोर मन को प्रभावित करता है। वे अपराध को एक साहसिक कार्य या रोमांच के रूप में देखने लगते हैं। कई बार वे यह भूल जाते हैं कि वास्तविक जीवन में इसके गंभीर और जीवन विनाशक घातक परिणाम होते हैं। तीसरा पहलू शिक्षा व्यवस्था का है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा और रोजगार तक सीमित हो गया है। नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षण लगभग समाप्त हो गया है। शिक्षकों की भूमिका भी अब मार्गदर्शक की बजाय केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करने तक सीमित हो गई है। विद्यालयों में अनुशासन और संवाद का जो वातावरण होना चाहिए, वह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता भी किशोरों को प्रभावित कर रही है। जब वे अपने आसपास छोटे-छोटे विवादों में लोगों को हिंसक होते देखते हैं, तो यह उनके लिए सामान्य व्यवहार बन जाता है। राजनीति, मीडिया और सामाजिक जीवन में बढ़ती कटुता और टकराव की प्रवृत्ति किशोरों के मन में भी उसी प्रकार की प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती है। किशोर अपराधों के पीछे एक और गंभीर कारण है आपराधिक गिरोहों द्वारा उनका उपयोग। चूंकि कानून में किशोरों के लिए अपेक्षाकृत नरमी होती है, इसलिए अपराधी गिरोह उन्हें अपने कार्यों के लिए मोहरे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी किशोरों को अपराध की ओर धकेलती है। नशे की लत पूरी करने के लिए वे चोरी, लूट और यहां तक कि हत्या जैसे गंभीर अपराध करने से भी नहीं हिचकते।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि किशोर न्याय से जुड़े कानूनों का लचीलापन कई बार अपराधियों के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है। गंभीर अपराधों में संलिप्त होने के बावजूद किशोरों को शीघ्र रिहा कर दिया जाता है, जिससे उनमें कानून का भय समाप्त हो जाता है। इस संदर्भ में यह बहस भी समय-समय पर उठती रही है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त किशोरों के लिए वयस्कों जैसा दंड प्रावधान होना चाहिए या नहीं? हालांकि केवल कानून को कठोर बनाना ही समाधान नहीं है। समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं और इसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले परिवार को अपनी भूमिका को पुनः समझना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर ध्यान देना और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना अत्यंत आवश्यक है। माता-पिता को यह समझना होगा कि केवल भौतिक सुविधाएं प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय और संस्कार देना अधिक महत्वपूर्ण है।

दूसरे, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल और व्यवहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षकों को केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। स्कूलों में काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि किशोर अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। तीसरे, मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी। हिंसा और अपराध को महिमामंडित करने के बजाय सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री का निर्माण किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी कंटेंट की निगरानी और नियंत्रण को सख्ती से लागू करना होगा।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास: टी20 क्रिकेट में 4000 रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आईपीएल 2026 के 16वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस मुकाबले में जडेजा ने टी20 क्रिकेट में अपने 4000 रन पूरे किए और इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में 4000 रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ हार्दिक पांड्या ही हासिल कर पाए हैं। वैश्विक स्तर पर, जडेजा यह खास उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 25वें खिलाड़ी बन गए हैं, जो उनकी ऑलराउंड क्षमता को दर्शाता है। इस मैच में जडेजा ने गेंदबाजी में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन खर्च किए और रोमारियो शेफर्ड का महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किया।

मैच की बात करें तो, राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी से मिले 202 रनों के विशाल लक्ष्य को 6 विकेट से अपने नाम किया। आरसीबी द्वारा निर्धारित 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत हालांकि खराब रही, जब यशस्वी जायसवाल मात्र 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीत लिया। 15 साल के वैभव ने 300 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए सिर्फ 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। वैभव के आगे आरसीबी के गेंदबाज बेबस नजर आए।

वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेलते हुए एक छोर संभाले रखा और नाबाद 81 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले, आरसीबी ने 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 201 रन बनाए थे। टॉप ऑर्डर के फ्लॉप होने के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 63 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। विराट कोहली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 16 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंदों में नाबाद 29 रन और रोमारियो शेफर्ड ने 22 रनों का योगदान दिया। यह इस सीजन में आरसीबी की पहली हार है, जबकि राजस्थान रॉयल्स ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में अपना विजयी अभियान जारी रखा है।

# आलोचकों पर बरसे सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग, बताया रणनीति में बदलाव का कारण

**एजेंसी, चेन्नई**




चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल में टीम के हालिया प्रदर्शन को लेकर उठ रही आलोचनाओं का करारा जवाब दिया है। उन पर आरोप लग रहे थे कि वे मौजूदा टी20 क्रिकेट की बदलती जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाल नहीं पा रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वह पूरी तरह से खेल के नए आयामों से जुड़े हुए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से पहले फ्लेमिंग ने अपनी बात रखते हुए स्वीकार किया कि खराब नतीजों के बाद आलोचना होना स्वाभाविक है, क्योंकि खेल में परिणाम ही लोगों की सोच तय करते हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह आईपीएल से पहले खेल की दिशा से अनभिज्ञ नहीं हैं, बल्कि वह पूरे साल दुनिया भर के अलग-अलग टी20 टूर्नामेंट्स में कोचिंग देते हैं और खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रियाओं में भी शामिल रहते हैं। इससे उन्हें इस फॉर्मेट में हो रहे बदलावों और वैश्विक खिलाड़ियों की गहरी समझ है, जो आईपीएल में भी उनके काम आती है। फ्लेमिंग ने पिछले सीजन के प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए कहा, पिछले साल हम लय में नहीं थे, ये मैं खुद मानता हूं। लेकिन हमने जल्दी बदलाव किए हैं और अब टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं। मुझे इस ग्रुप पर पूरा भरोसा है। हालांकि, इस सीजन में हम इसे अभी तक मैदान पर पूरी तरह दिखा नहीं पाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रेंचाइजी ने टीम में युवा खिलाड़ियों को शामिल कर एक नई रणनीति के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की है।

अक्सर शांत और सौम्य रहने वाले स्टीफन फ्लेमिंग को बखूबी अंदाजा है कि आजकल उनके बारे में क्या बातें हो रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें चेन्नई को रिकॉर्ड पांच आईपीएल ट्रॉफियां जिताने का पर्याप्त श्रेय मिला है, तो उन्होंने विनम्रता, लेकिन दृढ़ता से अपनी बात रखी। फ्लेमिंग ने कहा, नहीं, असल में क्रेडिट मेरा नहीं, सिर्फ खिलाड़ियों का है। उन्होंने आगे कहा, मेरे लिए यह सिर्फ कोचिंग का एक और साल है। हमेशा से ऐसा ही रहा है कि खिलाड़ी ही मैदान पर कमाल करते हैं। मैदान के बाहर कोचिंग जरूरी होती है, लेकिन खिताब मैदान पर प्रदर्शन से जीते जाते हैं। फ्लेमिंग ने एमएस धोनी जैसे दुनिया के सबसे महान कप्तानों में से एक के साथ काम करने को अपना सौभाग्य बताया और कहा कि उन्हें अपने नतीजों पर गर्व है, लेकिन वह तारीफ या वाहवाही पाने के भूखे नहीं हैं।

# 15 गेंदों पर 2 फिफ्टी! लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने वैभव सूर्यवंशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आईपीएल 2026 में युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी का बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ शुक्रवार को हुए रोमांचक मुकाबले में उन्होंने मात्र 26 गेंदों पर 78 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। अपनी इस तूफानी पारी के दौरान वैभव ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़कर इतिहास रच दिया, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने गत चैंपियन आरसीबी को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले 15 वर्षीय वैभव के लिए यह दूसरा मौका है जब उन्होंने आईपीएल में इतनी कम गेंदों पर फिफ्टी पूरी की है। अब वह आईपीएल के इतिहास में 15 या उससे कम गेंदों पर एक से ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर-मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस सीजन में वह ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर चुके हैं, जो उनकी शानदार फॉर्म का प्रमाण है। वैभव ने आईपीएल 2026 में ही आरसीबी से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी 15 गेंदों पर अर्धशतक जड़ते हुए 17 गेंदों पर 52 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। वहीं, जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए यह कारनामा दो बार किया था, हालांकि पिछले साल फ्लॉप रहने के बाद अब वह आईपीएल में किसी टीम का हिस्सा नहीं हैं। वैभव की उम्र के बच्चे जहां दसवीं बोर्ड के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं वह मैदान पर बड़े-बड़े गेंदबाजों की बखिया उधेड़ रहे हैं। मैच की बात करें तो 202 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स को वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर धमाकेदार शुरुआत दी। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज जोश हेजलवुड और युवा तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंदों पर लगातार प्रहार किए। 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए, उन्होंने ध्रुव जुरेल (43 गेंदों पर नाबाद 81 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 6.1 ओवर में 108 रनों की विस्फोटक साझेदारी की, जिससे रॉयल्स ने दो ओवर शेष रहते ही आसानी से जीत दर्ज कर अपना विजयी अभियान जारी रखा।

# स्टेन के शीर्ष पांच आईपीएल गेंदबाजों में चहल को मिला नंबर एक स्थान

**एजेंसी, जोहांसबर्ग**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन के अनुसार लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल आईपीएल के अब तक के शीर्ष पांच गेंदबाजों में नंबर एक गेंदबाज हैं। स्टेन के अनुसार चहल आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनकी निरंतरता और मैच जिताने की क्षमता जबरदस्त है। उन्होंने आरसीबी के लिए 113 मैचों में 22.03 के शानदार औसत से 139 विकेट लिए। इस प्रकार देखें तो वह हर 17 गेंदों पर विकेट लेते हैं, उनका इकॉनमी रेट लगभग 7.6 है, और उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं, वह मेरे अनुसार नंबर 1 गेंदबाज हैं। स्टेन ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को दूसरे नंबर पर रखा है। उन्होंने हेजलवुड के बेहतरीन स्ट्राइक रेट की खास तौर पर प्रशंसा की। हेजलवुड ने सिर्फ 27 मैचों में 45 विकेट लिए हैं। स्टेन ने कहा, हेजलवुड एक जबरदस्त गेंदबाज हैं। वह हर दो ओवर में वह एक विकेट ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को उन्होंने तीसरे नंबर पर रखा गया है। स्टेन ने लगातार विकेट लेने की उनकी काबिलियत और शानदार इकॉनमी रेट बनाए रखने के उनके कौशल की प्रशंसा की। स्टार्क ने आरसीबी के लिए सिर्फ 27 मैच खेले और 34 विकेट लिए। वहीं चौथे नंबर पर स्टेन ने हर्षल पटेल को रखा है। हर्षल आईपीएल में आरसीबी की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने केवल 80 मैचों में 99 विकेट लिए हैं। इसमें एक बार 5 विकेट और दो बार 4 विकेट लिए हैं। वहीं दिग्गज अनिल कुंबले हो उन्होंने पांचवें नंबर पर रखा है। कुंबले 2009 से 2010 तक आरसीबी की कप्तानी करते हुए 51 मैचों 24.58 की औसत से 51 विकेट लिए।

## बिजनेस

# निसान ने 54 नए कस्टमर टच पॉइंट्स के साथ अपने नेटवर्क का किया विस्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**




निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने शुक्रवार को 2026 की पहली तिमाही में देशभर में 54 नए कस्टमर टच पॉइंट्स (शोरूम और सर्विस सेंटर) की शुरुआत कर अपने नेटवर्क विस्तार को नई गति दी है। निसान मोटर इंडिया ने जारी एक बयान में बताया कि यह कंपनी के भारत में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये विस्तार निसान की प्रोडक्ट-आधारित विकास रणनीति का प्रमुख स्तंभ है, जिसके जरिए कंपनी देशभर में अपनी पहुंच और उपस्थिति को मजबूत बना रही है।

कंपनी ने कहा कि नए टचपॉइंट्स में 3S (सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स), 2S और 1S आउटलेट्स शामिल हैं, जिन्हें रणनीतिक रूप से विभिन्न शहरों में स्थापित किया गया, जिससे ग्राहकों को बेहतर और आसान पहुंच मिल सके। यह रिटेल फुटप्रिंट को मजबूत करने की रणनीति का अहम हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य देशभर में अपनी बिक्री और सेवा पहुंच को मजबूत करना है, जो ब्रांड की भारतीय बाजार में मजबूती का हिस्सा है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, "2026 की पहली तिमाही में 54 नए कस्टमर टच पॉइंट्स की शुरुआत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नई निसान मैग्नाइट की सफलता हाल ही में लॉन्च हुई ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट और जल्द आने वाले ऑल न्यू निसान टेक्टॉन तथा सी-एसयूवी 7-सीटर के साथ हम अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में नेटवर्क विस्तार हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है, जो ग्राहकों तक बेहतर पहुंच, सुविधा और बेहतर ब्रांड अनुभव सुनिश्चित करता है। हम वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक कुल टचपॉइंट्स की संख्या 400 तक पहुंचाने के अपने लक्ष्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।" सौरभ वत्स ने कहा कि नए आउटलेट्स को निसान के वैश्विक रिटेल मानकों के अनुसार आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। साथ ही यहां प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस प्रोफेशनल्स तैनात किए गए हैं, ताकि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाला अनुभव मिल सके। इन शहरों को किया गया कवर: निशान मोटर इंडिया के 54 नए कस्टमर टच पॉइंट्स में नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, भोपाल, लुधियाना, पटना, भुवनेश्वर, पुणे, जयपुर, इंदौर, कटक, हमीरपुर, जामनगर, कुरुक्षेत्र, मंडी, मैसूर, पतनमथित्ता, पठानकोट, रतलाम, सांगली, बांकुरा, सतारा एवं तंजावुर शामिल है।

# निवेश का मध्य प्रदेश मॉडल की देश भर में हो रही सराहना

**एजेंसी, इंदौर**



अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं रीजनल स्तर पर रोड़ शो एवं ग्लोबल तथा रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के माध्यम से प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के मध्य प्रदेश मॉडल की देश भर में सराहना हो रही है। करीब 56 हजार एकड़ में विकसित हो रहे बुंदेलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ संजय खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण के पांच सदस्यीय दल द्वारा 8-9 और 10 अप्रैल को मध्य प्रदेश का दौरा किया गया। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के दल ने शुक्रवार को धार जिले में स्थित प्रदेश के पहले पी.एम. मित्र पार्क का दौरा किया, जहाँ पर दोनों राज्यों की टेक्निकल टीम ने साथ बैठकर परियोजना का बारिकी से अध्ययन किया, जिसमें कि ले-आऊट प्लानिंग, क्रॉस सेक्शन, डी.पी.आर. आदि शामिल थे। डेलिगेशन के सदस्य मध्य प्रदेश मॉडल से काफी प्रभावित हुए एवं इसे अपने क्षेत्र में लागू करेंगे। डेलिगेशन ने इंदौर में एम.पी.आई.डी.सी., क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति से मुलाकात की, जहाँ पर उनके द्वारा पी.एम. मित्र पार्क एवं अन्य औद्योगिक परियोजनाओं पर प्रस्तुति दी गई तथा मध्य प्रदेश को निवेशकों की पहली प्राथमिकता बनाए जाने के संबंध में शासन स्तर से किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, निवेश प्रोत्साहन पॉलिसी, अधोसंरचनाओं की गुणवत्ता तथा प्लानिंग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। दल द्वारा यह बताया गया कि इन्दौर क्षेत्र के पी.एम. मित्र पार्क एवं पीथमपुर की विख्यात छवि के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें मध्य प्रदेश से निवेश आकर्षण एवं अन्य चीजों को समझने हेतु भेजा गया है। दल द्वारा स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल पार्क एवं मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क का भी भ्रमण किया गया एवं इस संबंध में बारिकी से जानकारी प्राप्त की गई।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली/मुंबई**



पश्चिम एशिया संकट के बीच आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 3 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा है। इससे एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था।

आरबीआई ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) इस अवधि में 1.78 अरब डॉलर बढ़कर 552.85 अरब डॉलर हो गईं। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार भी 7.22 अरब डॉलर बढ़कर 120.74 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई के मुताबिक इसके अलावा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.70 अरब डॉलर हो गए, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति 4.81 अरब डॉलर पर अपरिवर्तित रही है। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त हफ्ते में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# मनोहर लाल ने भूटान में पुनात्सांगछू जलविद्युत परियोजना का किया दौरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को अपनी आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन भूटान में पुनातसांगछू-I और पुनातसांगछू-II जलविद्युत परियोजना स्थलों का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने वांगडु फोडरंग द्ज़ोंग का दौरा किया, जो भूटान की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का भंडार है। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बांध निर्माण के लिए पुनात्सांगछू-I परियोजना स्थल पर कंक्रीट डालने के समारोह में भाग लिया। दोनों देशों के बीच सबसे बड़ी संयुक्त जलविद्युत परियोजना के पूरा होने पर भूटान की जलविद्युत क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान मनोहर लाल ने ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी पर जोर देते हुए भारत की वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग सहित निरंतर समर्थन के बारे में बताया। उन्होंने परियोजना को सुरक्षित और कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाने में दोनों पक्षों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों के समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्युत संयंत्र का निरीक्षण भी किया और परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति और प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद मनोहर लाल ने पुनात्सांगचू-II परियोजना का दौरा किया। इस दौरे में विद्युत संयंत्र और बांध स्थल का निरीक्षण भी शामिल था, जहां उन्हें चल रहे कार्यों की जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री ने परियोजना के संचालनात्मक निष्पादन की समीक्षा की और बताया कि इससे पहले ही पर्याप्त बिजली और राजस्व उत्पन्न हो चुका है।

# अगले सप्ताह सिर्फ चार दिन होगी ट्रेडिंग, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती की रहेगी छुट्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अगले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सिर्फ चार दिन ट्रेडिंग होगी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में अगले सप्ताह मंगलवार यानी 14 अप्रैल को कारोबार नहीं होगा। मंगलवार को अंबेडकर जयंती होने की वजह से बीएससी और एनएसई में छुट्टी रहेगी।

इसके अलावा शनिवार और रविवार को शेयर बाजार में साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इस तरह अगले सप्ताह शेयर बाजार में सिर्फ चार दिन ही सामान्य कारोबार होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी अंबेडकर जयंती की छुट्टी होने की वजह से पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं होगा। हालांकि एमसीएक्स में शाम पांच से रात 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार अंबेडकर जयंती की छुट्टी होने के कारण बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। इसी तरह एनएसई में भी इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी। स्टॉक मार्केट के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार अगले महीने एक मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी रहेगी उस दिन मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी सुबह के सत्र में छुट्टी रहेगी।

हालांकि शाम के सत्र में एमसीएक्स में सामान्य कारोबार होगा। एक मई को शुक्रवार होने के कारण मई के पहले तीन दिन लगातार घरेलू शेयर बाजार बंद रहेगा। एक मई को महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के बाद दो और तीन मई को शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी रहेगी।

# छोटे उस्तादों के साथ थिरकीं नीरू बाजवा जवाक के सेट से शेयर की मस्ती भरी झलक



पं पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही फिल्म जवाक में नजर आएंगी। गुरुवार को नीरू ने सॉन्ग जवाक की शूटिंग का मजेदार बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो इसलिए भी खास और मजेदार लग रहा है क्योंकि इसमें नीरू बच्चों के साथ मस्ती कर रही हैं और उनकी एनर्जी को मैच करते हुए डांस कर रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, संभलकर...छोटे-छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शूटिंग के दौरान बच्चों के साथ उनका यह मजेदार वीडियो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। सॉन्ग जवाक काफी मजेदार है। इसमें नीरू बच्चों के साथ डांस करती दिख रही हैं। गाने को वरी राय ने लिखा है, जबकि संभी ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म 'जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नीरू बाजवा के साथ गुरी घुमन, निर्मल ऋषि, बी.एन. शर्मा, राणा रणबीर और रविंदर मांड मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर मुख्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है। नीरू बाजवा पंजाबी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है और दर्शकों का खूब प्यार बटोरा है। अब उनकी नई फिल्म जवाक को लेकर काफी उत्सुकता है। यह फिल्म पंजाबी भाषा में है और इसमें नीरू की मजबूत अभिनय शैली एक बार फिर देखने को मिलेगी। अभिनेत्री हिंदी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अभिनेत्री नीरू ने डिंपल नाम का एक महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, रवि किशन और दीपक डोबरियाल भी हैं। यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।

## फिल्म तू या मैं की ओटीटी रिलीज तारीख का ऐलान, आज से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम



मा शनाया कपूर और आदर्श गौरव की सर्वाइवल-थ्रिलर फिल्म तू या मैं अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। ये सिनेमाघरों में 13 फरवरी, 2026 को रिलीज हुई थी और करीब 2 महीने के बाद ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। फिल्म का निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है, जबकि आनंद एल राय और विनोद भानुशाली निर्माता हैं। बता दें, रोमांचक-ड्रामे से भरपूर तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी और सिर्फ 6.72 करोड़ रुपये कमाए थे। नेटफ्लिक्स ने फिल्म तू या मैं की रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा, अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें। कुछ खास आने वाला है। 10 अप्रैल से यह फिल्म सब्सक्राइबर यूजर्स के लिए फ्री में उपलब्ध हो जाएगी। आंखों की गुस्ताखियां के बाद शनाया के करियर की यह दूसरी फिल्म है, जिसमें उन्होंने एक इन्फ्लुएंसर का किरदार निभाया है। वहीं आदर्श स्ट्रगलिंग कंटेंट क्रिएटर बने हैं। फिल्म में दोनों की प्रेम-कहानी का विलेन एक मगरमच्छ होता है।

## 'दादी की शादी' का फर्स्ट लुक आउट, 8 मई को होगी रिलीज

बॉ बॉलीवुड के जाने-माने कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा पिछले कुछ समय से अपनी अपकमिंग फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें नीतू कपूर और उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी भी नजर आएंगी. पहली बार बनी तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं. अब 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें सभी सितारों की झलक दिख रही है. इस फैमिली कॉमेडी फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है. 'दादी की शादी' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. कपिल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम भी तोड़ रही हैं! क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? 8 मई को रिलीज़ होगी. रही दादी की शादी में जानिए. Gen D से Gen Z तक, सभी इनवाइटेड हैं.' सामने आए पोस्टर में कपिल, नीतू और रिद्धिमा समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है. फिल्म 'दादी की शादी' में सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे. इस फिल्म के डायरेक्टर आशीष आर. मोहन हैं. फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है. इस फिल्म के जरिए रिद्धिमा कपूर साहनी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं, जिसे लेकर उनके फैंस काफी एक्साइडिटहैं. वो इससे पहले वेब सीरीज 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइफ' में नजर आ चुकी हैं. ये सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है. बता दें कि 'दादी की शादी' की ज्यादातक शूटिंग शिमला में हुई है.




## 747 करोड़ रुपये में बनी क्रिस हेम्सवर्थ की फिल्म थी फ्लॉप


### प्राइम वीडियो पर है नंबर 1, IMDb पर 6.9 रेटिंग



अ अक्सर हमने देखा है कि कुछ ऐसी बड़ी फिल्में थिएटरों में रिलीज के बाद फ्लॉप हो जाती हैं लेकिन जब वो ओटीटी पर आती है तो धूम मचा देती है। एक ऐसी ही फिल्म अब चर्चा में है जो करीब 747 करोड़ की वो फिल्म जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। हालांकि, वही फिल्म अब ओटीटी पर ट्रेंड में बनी हुई है। आइए जानते हैं इस फिल्म की कहानी। ये हॉलीवुड फिल्म क्रिस हेम्सवर्थ की लीड स्टार वाली 'क्राइम 101' है जो इस वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर तहलका मचाए हुए है। प्रीमियर के बाद से ही ये ये फिल्म प्राइम पर लोगों की पसंद बन चुकी है। बता दें कि ये फिल्म पिछले दो हफ्तों से नंबर 1 पोजिशन पर बनी हुई है। बार्ट लेटन की इस फिल्म 'क्राइम 101' में कई बड़े सितारे 'क्राइम 101' की कहानी की बात करें तो ये एक क्राइम-हीस्ट थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का डायरेक्शन बार्ट लेटन ने किया है और कहानी लिखी भी उन्होंने ही है। बार्ट को 'अमेरिकन एनिमल्स'के लिए जाना जाता है। मशहूर क्राइम नॉवेलिस्ट डॉन विंसलो की 2020 की लघु उपन्यास पर आधारित , बार्ट लेटन की इस फिल्म में कई बड़े सितारे हैं। इसमें क्रिस हेम्सवर्थ के अलावा मार्क रफलो, हेले बेरी, बैरी कोगन जैसे कई बड़े स्टार्स हैं। सिनेमाघरों में पस्त रही इस फिल्म के कलाकारों को अब ओटीटी पर खूब तारीफें मिल रही हैं। फिल्म की ये कहानी डेविस (क्रिस हेम्सवर्थ) की है जो एक शातिर और चालाक डायमंड चोर है। ये पुरानी शैली की डकैती की कहानियों को एक नया रूप देती है। लॉस एंजिल्स की चकाचौंध और असलियत के बीच घूमती यह कहानी तीन बड़े किरदारों की है। डेविस हिंसा से बचकर बड़ी ही बारीकी से डकैती की प्लानिंग बनाता है और अपनी अंतिम बड़ी चोरी के बाद संन्यास लेने की सोचता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक परेशान इंश्योरेंस एजेंट से होती है, जो खुद अपनी जिंदगी के दोराहे पर खड़ी है। उसका जानी दुश्मन यही लू नाम का एक ईमानदार पुलिस जासूस है, जिसका किरदार मार्क रफालो ने बखूबी निभाया है। कहानी जैसे ही आगे बढ़ती है इनके पीछे ये जिद्दी और डिटेक्टिव पुलिस पड़ जाता है और फिर चोर, एजेंट और पुलिस के बीच बुनी हुई ये कहानी दर्शकों को उलझा लेती है। ये कहानी एक खतरनाक मोड़ पर आ जाती है, जहां से फैसले लेने के बाद किसी का भी वापस लौट पाना संभव नहीं लगता है। फिल्म जब रिलीज हुई थी तो इसे रिव्यूज भी अच्छे मिले थे और रेटिंग भी बेहतरीन थी, इसके बावजूद लोगों ने इंटरेस्ट नहीं दिखाया। बताया जाता है कि करीब 90 मिलियन डॉलर यानी 747 करोड़ रुपये रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 71.7 मिलियन डॉलर यानी करीब 595 करोड़ रुपये की ही कमाई की। साफ है कि ये फिल्म अपना बजट निकाल पाने में भी सफल नहीं रही। बता दें कि ओटीटी पर नंबर 1 ट्रेंड कर रही इस फिल्म को IMDb पर 6.9 की रेटिंग मिली है। वहीं अब ओटीटी पर इसे भारत के फैन्स खूब पसंद कर वरहे हैं। कहानी की ग्रिप, रफ्तार और एक्टिंग लोगों को काफी पसंद आ रही है। क्रिस हेम्सवर्थ और मार्क रफलो की जोड़ी को लेकर लोगों में जबरदस्त दीवानगी दिख रही है।



## पूजा हेगड़े के बाद अब मृणाल के साथ रोमांटिक अंदाज में दिखे वरुण, आज रिलीज होगा फिल्म का फर्स्ट लुक



डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से आज वरुण धवन ने एक और नया लुक शेयर किया है। हाल ही में वरुण ने अपनी इस फिल्म से पूजा हेगड़े के साथ एक रोमांटिक लुक शेयर किया था। वहीं आज वरुण ने मृणाल ठाकुर के साथ रोमांटिक पोज शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

वरुण धवन ने आज अपनी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के सेट से मृणाल के साथ तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, लेकिन जवानी में इश्क बार-बार होता है। वरुण ने ठीक एक दिन पहले इसी फिल्म से पूजा हेगड़े के साथ अपनी एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की थी। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, इश्क सिर्फ एक बार होता है।

फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के जरिए वरुण अपने पिता डेविड के साथ चौथी बार जुड़ रहे हैं। इससे पहले पिता-पुत्र की जोड़ी फिल्म मैं तेरा हीरो (2014), जुड़वा 2 (2017), और कुली नंबर 1 (2020) में साथ काम कर चुकी है। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले इसे 5 जून को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन यश अभिनीत टॉक्सिक के साथ क्लैश से बचने के लिए तारीख को आगे खिसका दिया गया।

## 'मिले हो तुम हमको, बड़े नसीबों से', मोनालिसा ने शेयर किया अनिरुद्धाचार्य महाराज के जवाब का मजेदार वीडियो

भोजपुरी सिनेमा की शानदार एक्ट्रेसेस में से एक मोनालिसा अपने एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। अनिरुद्धाचार्य महाराज अक्सर पति-पत्नी के रिश्तों को लेकर शांत और सुलहपूर्ण सलाह दिया करते हैं। कई बार ये जवाब ऐसे होते हैं कि लोगों की हंसी भी छूट जाती है। मोनालिया ने अपना एक ऐसा ही वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अनिरुद्धाचार्य महाराज से पूछे गए सवाल को दोहराती दिख रही हैं और जवाब में जो कहा गया है उसे सुनकर वो मुंह बनाती दिख रही हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अनिरुद्धाचार्य महाराज का एक ऐसा ही जवाब चुना है। अब इस वीडियो को देखकर लोगों की हंसी नहीं रुक रही। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है- टेंशन लेने का नहीं, सिर्फ देने का। वीडियो में मोनालिसा महाराज जी से पूछे गए सवालों पर लिप सिंक करती हुई कहती हैं, 'मेरे पति बहुत जल्दी गुस्सा हो जाते हैं महराज जी।' वो पूछते हैं- किसपे? इसपर जवाब आता है- हर चीज के लिए जल्दी से गुस्सा हो जाते हैं। इसपर वो जवाब देते हुए कहते हैं, 'जब पति गुस्सा हुआ करें तो उनसे एक बात कहा करो.. क्या? आप उनसे कहा करो...(गाते हुए कहते हैं) मिले हो तुम हमको, बड़े नसीबों से...बस इतना कह दिया करो, गुस्सा छू मंतर।' मोनालिसा इसके बाद हैरान होती हैं और मुस्कुराती दिखती हैं। मोनालिसा के इस वीडियो पर लोग ने प्यार भी बरसाया है और कॉमेंट भी किया है। एक ने कहा- आपकी शक्ल देखकर बहुत हंसी आ रही। एक ने कहा- आपकी जैसी बीवी से कौन गुस्सा होगा। एक और ने कहा- जी बिल्कुल सही कहा आपने बाबा जी। वहीं कइयों ने कहा है- गुरुजी सल्यूशन बहुत अच्छा देते हैं।



## रोग प्रतिरोधक क्षमता और पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है शहद, जानिए कैसे

आ आयुर्वेद प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है, जो प्राकृतिक सामग्रियों और जड़ी-बूटियों का उपयोग करके सेहत को बढ़ावा देती है। आयुर्वेद में शहद को खास महत्व दिया गया है। इसका कारण है कि शहद में कई ऐसे गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने और पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि क्यों आयुर्वेद शहद को इतना अहम मानता है।



**शहद में मौजूद खास गुणः** शहद में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से लड़ने में मदद करते हैं। ये हानिकारक तत्व शरीर में तनाव का कारण बनते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकते हैं। शहद का सेवन करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आप बीमारियों से जल्दी उबर सकते हैं। इसके अलावा शहद में मौजूद ये गुण पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं, जिससे खाना आसानी से पचता है।

**संक्रमण से लड़ने में सहायक** : शहद में ऐसे गुण होते हैं, जो संक्रमणों से बचाव करने में सहायक होते हैं। ये गुण शहद को एक प्राकृतिक दवा बनाते हैं, जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं। नियमित रूप से शहद का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और आप बीमारियों से बच सकते हैं। इसके अलावा ये गुण शहद को पाचन तंत्र को भी सुधारने में मदद करते हैं।

**सूजन कम करने में है फायदेमंद** : आयुर्वेद के अनुसार, सूजन हमारे शरीर में कई समस्याओं का कारण बन सकती है। शहद में मौजूद विशेष तत्व सूजन को कम करने में मदद करते हैं। ये तत्व न केवल बाहरी सूजन बल्कि आंतरिक सूजन जैसे पेट दर्द और गैस की समस्या में भी राहत देते हैं। इस प्रकार शहद का सेवन करने से सूजन की समस्या में काफी सुधार हो सकता है और पाचन तंत्र भी बेहतर होता है।

**पाचन को सुधारने में है मददगार** : शहद में मौजूद विशेष गुण पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। यह गुण पेट की अच्छी बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे खाना आसानी से पचता है और गैस की समस्या कम होती है। इसके अलावा शहद का सेवन करने से पेट की जलन भी दूर होती है और आप हल्का महसूस करते हैं। इस प्रकार शहद का सेवन करने से पाचन तंत्र बेहतर होता है और पेट की समस्याओं में राहत मिलती है।

**ऊर्जा प्रदान करने वाला स्रोत** : शहद ऊर्जा प्रदान करने का एक बेहतरीन स्रोत है, जो दिनभर आपको सक्रिय रखता है। इसमें मौजूद तत्व तुरंत ऊर्जा देते हैं, जिससे आप थकान महसूस नहीं करते। इसके अलावा शहद में कुछ प्राकृतिक शर्करा होती है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है। इस प्रकार शहद का सेवन करने से न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है बल्कि पाचन तंत्र भी बेहतर होता है और आपको थकान नहीं होती।

## '4000 करोड़ लगाकर भी', क्या 'सीता' दीपिका चिखलिया ने रणबीर की 'रामायणम्' पर कसा तंज? चुपचाप किया शेयर



'रामायणम्' फिलहाल 2026 की सबसे सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है और इसका फर्स्ट लुक आधिकारिक तौर पर रिलीज कर दिया गया है। रणबीर कपूर, जो भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे, इस रोल में बेहद खूबसूरत लग रहे हैं और फैंस उनकी कास्टिंग से संतुष्ट हैं। वहीं, रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया ने हाल ही में नितेश तिवारी की 'रामायणम्' पर रिएक्ट किया है। दीपिका चिखलिया ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें लिखा था, 'रामायण ऐसी बनाओ कि लोग 4000 करोड़ लगाकर भी वैसी ना बन पाएं।' इससे पहले, उन्होंने 'रामायणम्' के टीजर की तारीफ करते हुए कहा था कि उन्हें फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। मैंने टीजर देखा और यह बहुत भव्य है। बहुत ही शानदार लग रहा है। उन्होंने इसे बहुत अच्छे से बनाया है। मैं फिलहाल फिल्म का इंतजार कर रही हूं और यह वाकई बहुत ही शानदार लग रही है। टीजर लॉन्च के मौके पर रणबीर कपूर ने खुलासा किया कि उन्होंने चार साल पहले इस फिल्म को ठुकरा दिया था। कार्यक्रम में बोलते हुए रणबीर ने कहा, 'मुझे याद है जब नमित ने मुझे लगभग चार साल पहले यह रोल ऑफर किया था, तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी 'नहीं', मैं इसके लिए फिट नहीं हूं, अच्छा नहीं हूं, और मैं इसके साथ पूरा न्याय नहीं कर पाऊंगा।' उन्होंने आगे कहा, 'वह डर बहुत जल्दी कृतज्ञता में बदल गया क्योंकि मेरे जीवन में ऐसे अवसरों की बहुत जरूरत थी। मैं अपने जीवन के ऐसे दौर से गुजर रहा था जहां मुझे अपना जीवन और जीवनशैली बदलनी थी।' रणबीर कपूर ने कहा मैं पहली बार पिता बना था। मुझे लगता है कि भगवान राम की भूमिका निभाना और पिता बनना मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। 'रामायणम्' दो पार्ट्स में बनने वाली एक महाकाव्य रचना होगी, जिसका निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और इसे नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने बनाया है। इसे दुनिया भर के आईमैक्स सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा, जिसका पहला पार्ट दिवाली 2026 को और दूसरा दिवाली 2027 को रिलीज होगा। रणबीर कपूर के अलावा, फिल्म में यश रावण के रूप में, साई पल्लवी देवी सीता के रूप में, रवि दुबे लक्ष्मण के रूप में और सनी देओल भगवान हनुमान के रूप में नजर आएंगे।

# Bengal, with its polarised minority vote, makes Hindutva & security good poll planks, feels BJP




**New Delhi, Agency:** Seeking to mobilise the electorate around its Hindutva agenda and a promised crackdown on infiltrators, while countering TMC's alleged appeasement of Muslim votes, BJP's Bengal manifesto sharpens its cultural nationalism plank and pairs it with its tried-and-tested welfare pitch, especially targeting women and youth, as it looks to take on CM Mamata Banerjee and end her 15-year rule.

Though the party has run a relatively low-key campaign, it has raised the pitch by stepping up its Hindutva outreach. The manifesto promises implementation of a Uniform Civil Code, a law to ensure freedom of religious practices - an issue on which it has often accused TMC of discriminating against Hindu traditions such as religious processions - and the establishment of a Vande Mataram museum. While this strategy carries risks, given Muslims account for about 27% of the population and may consolidate further behind the CM, BJP appears to be banking on a stronger consolidation of Hindu votes.

Released by home minister Amit Shah in Kolkata, the manifesto stresses national security, echoing commitments made in Assam, another state bordering Bangladesh. BJP has promised to provide land for completing fencing of India-Bangladesh border, alleging that gaps were deliberately left by previous Left and TMC govts to allow infiltration.

The party has long tapped into anxieties over alleged infiltration of Bangladeshis in Assam, where the Muslim population is higher, and has made a crackdown on illegal immigration a central part of its political and governance agenda over the past decade. It has similarly promised to end cattle smuggling and curb syndicates and the culture of "cut money" in Bengal - issues aimed at addressing concerns over women's safety, law and order, and what it describes as a nexus of local strongmen and cross-border criminal networks.

# Weight-loss injections deliver in real life 4 in 10 Indians shed 10% body weight



**New Delhi, Agency:** The new generation of weight-loss injections - already popular globally - is now showing strong results in Indian patients too. A fresh study from a Delhi hospital finds that more than 4 in 10 people lost at least 10% of their body weight, a level doctors say can significantly improve overall health.

The research, conducted by doctors at Max Super Speciality Hospital, Saket, led by endocrinologist Dr Ambrish Mithal and published in the Indian Journal of Endocrinology and Metabolism, tracked 150 overweight and obese adults on these therapies in routine clinical practice.


On average, patients lost about 8% of their body weight in six months - roughly 6 to 10 kilos for many. Nearly three-fourths lost at least 5%, considered the minimum for health benefits such as better sugar control and reduced heart risk. Experts said the findings are based on short-term follow-up of about six months. "This is not the final weight loss. With longer follow-up, especially at one year, the reduction is likely to be significantly greater," said Dr Ambrish Mithal.But the results were not the same for everyone.

People without diabetes responded far better, losing almost double the weight compared to those with diabetes. The study suggests this could be because of deeper metabolic changes and insulin resistance in diabetic patients.

The type of drug also mattered. Patients on tirzepatide - a newer dual-action injection - saw greater and faster weight loss than those on semaglutide. Many reached the 10% mark within 9 to 10 months, though doctors caution that the process is gradual, not instant.

The study also offers a reality check. Younger patients and those trying these drugs for the first time saw quicker results, while those who had used similar medications earlier lost weight more slowly.

# India-UAE comprehensive strategic partnership: Jaishankar arrives in Abu Dhabi



**New Delhi, Agency:** EAM S Jaishankar arrived in the United Arab Emirates on Saturday, where he is set to hold high-level meetings with the country's leadership as part of his official visit. The minister will be in the UAE from April 11 to 12, where he will review close cooperation and work to further strengthen the Comprehensive Strategic Partnership between the two countries.

The visit marks the second leg of his ongoing tour, following his engagements in Mauritius. EAM Jaishankar was previously in Mauritius to attend the 9th Indian Ocean Conference, where he also held discussions centred on bilateral ties. He is scheduled to deliver the keynote address at the conference and engage with counterparts from other participating nations on its sidelines.

Jaishankar also highlighted India's role in supporting the island nation's energy needs, stating that discussions are underway to finalise an agreement for the supply of oil and gas. He noted that the ongoing crisis in the Middle East has reinforced the need for dependable strategic partnerships, particularly in the energy domain.

He also pointed to expanding cooperation in clean energy, mentioning that an Indian public sector enterprise is involved in developing Mauritius' first floating solar power project. According to him, the partnership between the two countries continues to grow in the field of environment-friendly solutions.

Jaishankar also handed over the final batch of e-buses to Mauritius, a step aimed at strengthening sustainable public transport while reducing carbon emissions. The ongoing visit, which includes engagements in both Mauritius and the UAE, reflects India's Neighbourhood First policy, its Vision MAHASAGAR, and its broader commitment to the Global South.

# Shah rules out ties with Humayun Kabir



**New Delhi, Agency:** Union Home Minister Amit Shah on Friday dismissed the Trinamool Congress (TMC) allegation of the BJP's alleged links with Humayun Kabir, declaring that the Bharatiya Janata Party (BJP) would rather remain in opposition for another two decades than share political space with the Aam Janata Unnayan Party (AJUP) leader.

On April 9, the TMC accused Humayun Kabir of maintaining links with senior BJP leaders.

The allegation followed the emergence of a purported video of Kabir. The party claimed that the BJP was orchestrating a massive Rs 1,000-crore scam to manipulate the elections, with Kabir allegedly receiving an advance of Rs 200 crore as part of the scheme. Responding sharply to the TMC, Shah added that West Bengal CM Mamata Banerjee was "capable of making 2,000 such videos."

# Kargil hero Sonam Wangchuk dead; Rajnath hails 'son of Ladakh'

**New Delhi, Agency:** Kargil war hero and Army veteran Col Sonam Wangchuk (retd), who received a Maha Vir Chakra for his gallantry in the 1999 war, passed away on Friday.

Hailing him as a "proud son of Ladakh" for his heroics during Operation Vijay, defence minister Rajnath Singh posted on X: "A proud son of Ladakh, he exemplified the spirit of the region - resilient, steadfast and deeply rooted in service to the nation, while standing as a symbol of India's unity in diversity. His courageous actions of leading by personal example during Operation Vijay inspired his men under the most demanding conditions in high-altitude."

The Army, in a post on X, remembered him as a brave soldier, a committed leader and a son of Ladakh whose life "embodied courage, service and unity" and asserted that his legacy will continue to inspire generations.

Leh-based Fire and Fury Corps, in a post on X, said, "GOC Fire and Fury Corps and all ranks express profound grief on the untimely demise of Colonel Sonam Wangchuk, Maha Vir Chakra (retd) and extend heartfelt condolences to the bereaved family."

# 'Mahatma Gandhi mein aag lag rahi hai bhai'



**New Delhi, Agency:** "Mahatma Gandhi mein aag lag rahi hai bhai" (Mahatma Gandhi is catching fire) - the frantic exclamation of a fireman, captured on video, became the focal point of a probe into the fire that broke out at the official bungalow of Justice Yashwant Varma in the capital last year.

It was around 11.35pm on March 14 that police and fire personnel had rushed to 30 Tughlak Crescent (Varma's residence) in central Delhi.

Two fire tenders were sent to the spot, and these, along with police personnel, doused the flames in a storeroom within 15 minutes. It was supposed to be the end of an emergency response, but as first responders walked through a thin veil of smoke, they were left startled - lying in the storeroom, among other things, were wads of partially burnt high-denomination Indian currency notes.

The remark caught on video - a direct reference to the image of Gandhi on burnt Rs 500 notes - turned what was just an emergency call into a scandal that reached the highest levels of the judiciary, besides putting on a young officer - who swiftly sensed the gravity of what his men had chanced upon and alerted his seniors - the label of a "whistle-blower" just because of the presence of mind he showed.

By March 15 noon, as Justice Varma was returning to the capital, cutting short his trip to the Satpura Tiger Reserve in Madhya Pradesh, Delhi police commissioner Sanjay Arora was already briefing Delhi high court Chief Justice DK Upadhaya about the incident.

# CJI Surya Kant emphasises need to regulate use of AI in arbitration



**New Delhi, Agency:** Noting that the use of artificial intelligence in arbitration should not be shunned due to concerns of confidentiality and independent decision-making, Chief Justice of India Surya Kant has said that instead, its use should be regulated through a proper procedural framework.

Addressing the inaugural session of the Indian Council of Arbitration's two-day international conference on 'Arbitration in the Era of Globalization: Legal Technology, Economic Development & Cross Border Disputes' here on Friday evening, the CJI emphasised that protocols on cyber security and confidentiality should keep pace with technological changes to ensure that technology becomes arbitration's powerful ally in a fast-paced world.

He said courts should remain "passive" in arbitral proceedings unless it's manifestly abusive and that an anti-arbitration injunction should be exceptional.

CJI Kant said that technological development has improved accessibility in arbitration and reduced logistical delays, especially in cases with serious geographical constraints, but it has also brought "new responsibilities". "The increasing use of artificial intelligence in decision support tools raises a legitimate concern relating to confidentiality and the preservation of independent judgement.

# Highest-ever women voter turnout in Kerala, Assam and Puducherry

**New Delhi, Agency:** Women aced voter turnout in Assam, Kerala and Puducherry on Thursday, not only recording their highest-ever polling percentage but also surpassing the male voter turnout in the two states and the Union territory.

A whopping 91.4% of the female electorate in Puducherry, 86.5% in Assam and 81.2% in Kerala voted. In comparison, the male voter turnout was 88.1% in Puducherry, 85.3% in Assam and 75.1% in Kerala. The gender turnout gap was the widest in Kerala, at nearly 6 percentage points, as against 3.2 percentage points in Puducherry and just 1.1 percentage points in Assam. The enthusiastic participation by women electors pushed up the overall polling percentage across the three states/UT. Most political parties have been targeting women electors in their manifesto promises. In Kerala, LDF has promised to raise women's participation in the workforce to 50%, while UDF has offered women free travel in state buses.

# Varma goes down protesting: 'Asked to answer the unanswerable'



**New Delhi, Agency:** Justice Yashwant Varma of Allahabad high court may have submitted his resignation to President Droupadi Murmu on Friday, but he went down crying foul. In a letter simultaneously addressed to Supreme Court Justice Aravind Kumar, who is head of the judges' inquiry committee, the controversial HC judge faulted the committee's procedure to test veracity of the charges related to the discovery of a huge amount unaccounted burnt cash from his official residence.

Questioning the committee's decision to proceed without any cogent evidence against him, Justice Varma said that such a procedure has left him with no option but to withdraw, as his further participation would legitimise a process that "calls upon me to answer the unanswerable - where did the money come from".

"I have, in parallel, addressed a communication to Her Excellency, the Hon'ble President of India," he said.

Videos recorded by first responders - firemen and police - of the fire incident at his residence in central Delhi on March 14-15 night last year, and later uploaded on the Supreme Court website, proved the undoing of Justice Varma. If their evidence before the committee was damning, it got sharper during their cross-examination by Justice Varma's lawyers, as they graphically narrated the discovery of cash and conduct of the people present in the judge's house on that night.

Justice Varma was considered very close to Justice D Y Chandrachud, who had a two-year tenure as CJI from Nov 2022 till Nov 2024. An SC bench headed by him had, in March 2024, quashed a CBI FIR and an ECIR by the Enforcement Directorate against Justice Varma, who as a lawyer and prior to appointment as an HC judge, had figured in it as a non-executive director of Simbhaoli Sugar Ltd in an alleged bank loan fraud case.

One of his main grouses was that the committee had shifted the onus of proving innocence on him based on evidence gathered by the inquiry committee constituted by then CJI Sanjiv Khanna. The inquiry report could not have served as evidence or relevant for any future proceedings, he said.

His decision to challenge the inquiry proceedings, its report and the recommendation of then CJI Khanna for the initiation of removal motion was dismissed by an SC bench of Justices Dipankar Datta and A G Masih on Aug 7 last year.

Justice Varma said the storeroom, from where the burnt cash was allegedly found and where video was recorded, was never seized by police. Moreover, since the room was accessible to all, it cannot be the judge's responsibility to keep track of who keeps what in the sprawling premises of an official bungalow that includes the residential quarters for house helps. Justice Varma said he leaves it to posterity to judge "whether such an obligation can ever be discharged or be justifiably placed upon occupants of such premises".

# Share burden of war cost: Govt to India Inc

**New Delhi, Agency:** "You pocket all the profits when the going is good but instantly pass on costs when things turn adverse. A little sharing of burden may not be bad for you" - the purported remark by a senior govt functionary has sent ripples across govt circles.

The functionary is said to have made the observation during a recent interaction with some industry representatives, who told him about rising costs of raw materials due to the conflict in West Asia. While being empathetic to them and assuring them of all possible support from govt, the functionary suggested that the industry could absorb some of the increase in costs of materials instead of passing on all of that to consumers. Ministries and departments - after getting inputs from industries on short supply or non-availability of key materials - have been taking up matters with agencies concerned and also with "higher levels" for finding solutions.